संपूर्ण भारत के लिए एक प्रकाशन

RNI REG. No.-CHHHIN/2004/15050
Po.Reg.No.-13/Surguja DN/2023-2025

# दैनिक घटती घटना

Www.ghatatighatana.com

Ghatatighatana11@gmail.com

अम्बिकापुर,वर्ष 21,अंक-196 सोमवार 19 मई 2025,पृष्ठ-8 मूल्य 2 रूपये


# चारमीनार के पास बिल्डिंग में आग,17 की मौत

## दुर्घटना में 8 बच्चे की मौत,10 जख्मी;15 को बचाया गया,शॉर्ट सर्किट से दुर्घटना की आशंका

» घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग थे मौजूद

» इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को किया गया रेस्क्यू

» आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे करनी पड़ी मशक्कत



**हैदराबाद,18 मई 2025(ए)।** हैदराबाद में चारमीनार के पास गुलजार हाउस में रविवार सुबह एक इमारत में आग लग गई। हादसे में अब तक 17 लोगों की मौत हो चुकी है, जिनमें 8 बच्चे भी शामिल हैं। घटना के समय इमारत में 30 से ज्यादा लोग मौजूद थे। इनमें से 15 से ज्यादा लोगों को रेस्क्यू किया गया।

फायर ब्रिगेड की 11 गाड़ियां मौके पर पहुंची थीं। आग बुझाने के लिए दमकलकर्मियों को 2 घंटे मशक्कत करनी पड़ी। आग लगने की वजह शॉर्ट सर्किट बताई जा रही है,लेकिन अभी आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। वहीं, हादसे में संपत्ति के नुकसान का अंदाजा भी नहीं लगाया जा सका है।

फायर डिपार्टमेंट का कहना है कि सुबह 6:16 बजे आग लगने की सूचना मिली, जिसके बाद टीम मौके पर पहुंची और बचाव कार्य शुरू किया। कई लोग बेहोशी की हालत में मिले और करीब 10 लोगों को अस्पताल में भर्ती कराया गया।

पुलिस के मुताबिक,बिल्डिंग के ग्राउंड फ्लोर पर ज्वेलरी की दुकानें थीं और ऊपर के फ्लोर पर लोग रहते थे। आग दुकानों में लगी और ऊपर तक फैल गई। बिल्डिंग में सिर्फ एक संकरी सीढ़ी थी, जिससे लोग बाहर नहीं निकल सके और दम घुटने से मौत हो गई।

### मंत्री प्रभाकर का दावा-ज्यादातर लोगों की मौत हो गई

तेलंगाना के मंत्री पोन्नम प्रभाकर ने बताया कि आग सुबह करीब 6 बजे लगी और 6:16 बजे तक फायर ब्रिगेड मौके पर पहुंच गई थी। टीम ने सभी को बचाने की कोशिश की, लेकिन आग बहुत तेजी से फैल चुकी थी।

उन्होंने बताया कि इमारत में रहने वाले ज्यादातर लोगों की मौत हो गई। मुख्यमंत्री ने पीड़ित परिवार से बात की है और सरकार की ओर से हरसंभव मदद देने का भरोसा दिया है।

### चश्मदीद बोला...सभी मृतक एक ही परिवार के

चश्मदीद जाहिद ने बताया कि आग इतनी भीषण थी कि मुख्य दरवाजे से अंदर नहीं जा सके,शटर और दीवार तोड़कर पहली मंजिल पहुंचे,लेकिन सब जल चुका था। फायर ब्रिगेड ने अच्छा काम किया पर आग तेज थी। सभी मृतक एक ही परिवार के थे, पीछे से कोई रास्ता नहीं था।

### स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म से बुझाई आग

आग बुझाने में आधुनिक फायर रोबोट और ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म का भी इस्तेमाल किया गया है। ब्रोंटो स्काईलिफ्ट हाइड्रॉलिक प्लेटफॉर्म एक बड़ी फायर ब्रिगेड पर लगा होता है। इसमें एक लंबा हाइड्रॉलिक आर्म होता है, जो ऊपर-नीचे और घूम सकता है। इस आर्म के ऊपर एक प्लेटफॉर्म (टोकरी) होती है, जिसमें फायरमैन खड़े होकर ऊंची इमारतों तक पहुंच सकते हैं।

### पीएम मोदी ने हादसे पर जताया दुख



घटना पर PM मोदी ने गहरा दुख जताया है। PMO ने X पर लिखा...हैदराबाद में आग की घटना में लोगों की मौत से बहुत दुख हुआ। जिन लोगों ने अपनों को खोया है, उन्हें संवेदनाएं। घायलों के जल्दी ठीक होने की कामना करता हूं। पीएम राहत कोष (PMNRF) से मृतकों के परिजन को 2-2 लाख रुपए और घायलों को 50-50 हजार रुपए की मदद दी जाएगी।

## महत्वपूर्ण खबर

### भारत की बांग्लादेश पर Trade Strike



### बंदरगाह से आयात पर लगाई रोक,अब क्या करेंगे मोहम्मद युनुस

**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** भारत ने बांग्लादेश से रेडीमेड कपड़ों और प्रोसेस्ड फूड आइटम जैसे कुछ सामानों के आयात पर बंदरगाह प्रतिबंध लगा दिए हैं। वाणिज्य मंत्रालय के अंतर्गत डायरेक्टरेट जनरल ऑफ फॉरेन ट्रेड ने इस संबंध में नोटिफिकेशन जारी किया है।डीजीएफटी की ओर से लगाए प्रतिबंध तत्काल प्रभाव से लागू हो गए हैं। इन प्रतिबंधों के तहत अब बांग्लादेश से रेडीमेड गारमेंट्स के आयात की अनुमति किसी भी भूमि बंदरगाह से नहीं दी जाएगी। नोटिफिकेशन के मुताबिक़,इसकी अनुमति अब केवल न्हावा शेवा पोर्ट और कोलकाता के बंदरगाहों के माध्यम से ही अनुमति दी जाएगी।

### सेंट्रल इंडस्ट्री में लगी भीषण आग,तीन लोगों की मौत



#### फैक्ट्री मालिक का परिवार अंदर फंसा

**सोलापुर,18 मई 2025(ए)।** सोलापुर के एमआईडीसी स्थित सेंट्रल इंडस्ट्री में भीषण आग लग गई है। इस अग्निकांड में तीन लोगों की मौत हो गई है जबकि फैक्ट्री मालिक का परिवार अंदर फंसा हुआ है। बताया जा रहा है कि कुल 4 लोग अभी भी फैक्ट्री के अंदर फंसे हुए हैं। वहीं आग पर काबू पाने के लिए दमकलकर्मी लगातार कोशिश कर रहे हैं। फिलहाल आग पर काबू नहीं पाया जा सका है।

जान्कारी के मुताबिक रात करीब तीन बजे अक्कलकोट रोड पर स्थित एमआईडीसी के सेंट्रल इंडस्ट्री में आग लगी। पूरा कारखाना धूं-धूं कर जलने लगा। आग की लपटें दूर-दूर तक दिखने लगी। घटना की सूचना मिलते ही फायर ब्रिगेड की गाड़ियां मौके पर पहुंचकर आग पर काबू पाने की कोशिश करने लगीं।

### कांग्रेस पार्टी की देशहित पर जुबान ही नहीं खुलती:गिरिराज सिंह



**बेगूसराय,18 मई 2025(ए)।** आतंकवाद के खिलाफ भारत की नीति को स्पष्ट करने के लिए सांसदों का सर्वदलीय प्रतिनिधिमंडल विदेश जाएगा। आतंकवाद पर भारत के वैश्विक आउटरीच प्रतिनिधिमंडलों में कांग्रेस सांसद शशि थरूर को शामिल किए जाने को लेकर कांग्रेस से ही आवाज उठाए जाने लगी है।

इस बीच केंद्रीय मंत्री और भाजपा के वरिष्ठ नेता गिरिराज सिंह ने कहा कि कांग्रेस पार्टी देश की वह पार्टी बनकर रह गई है जिसके अंदर सकारात्मक देशहित पर कोई जुबान ही नहीं खुलती। कोई सकारात्मक राजनीति हो, पॉजिटिव राजनीति हो ये चुप रहते हैं। उन्होंने आगे कहा कि कांग्रेस केवल निगेटिव राजनीति करती है। देश के बाहर भी ये भारत को बदनाम करते हैं। अब विदेशों में प्रतिनिधिमंडल जा रहा है और उसमें अगर शशि थरूर हैं तो इसमें राजनीति किस बात की है? शशि थरूर भी कांग्रेस के ही हैं। पत्रकारों से बातचीत में उन्होंने कहा कि कांग्रेस की अंदरूनी लड़ाई इसमें दिखती है।

# PAK को 100 KM अंदर तक मारा,आजादी के बाद पहली बार हुआ ऐसा;ऑपरेशन सिंदूर पर अमित शाह

» भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर मंत्री अमित शाह ने दिया एक बयान

» आतंकवादी हमलों का ऐसा करारा जवाब दिया गया है कि पूरी दुनिया है हैरान:अमित शाह



**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने एक जनसभा को संबोधित करते हुए पाकिस्तान पर भारत की सैन्य कार्रवाई को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के मजबूत नेतृत्व में भारत ने आतंकवाद को मुंहतोड़ जवाब दिया है,और यह आजादी के बाद पहली बार हुआ है जब भारतीय सेना ने पाकिस्तान की सीमा के 100 किलोमीटर अंदर तक घुसकर आतंकी ठिकानों को पूरी तरह तबाह किया है।

गृह मंत्री अमित शाह ने अपने संबोधन में कहा, जब से प्रधानमंत्री मोदी ने देश की सत्ता संभाली है, तब से आतंकवादी हमलों का ऐसा करारा जवाब दिया गया है कि पूरी दुनिया हैरान है और पाकिस्तान घबराया हुआ है। उन्होंने बताया कि इस बार 'ऑपरेशन सिंदूर' के तहत जैश-ए-मोहम्मद और लश्कर-ए-तैयबा जैसे प्रमुख आतंकी संगठनों के हेडक्वार्टर को ध्वस्त कर दिया गया।

उन्होंने आगे बताया कि भारतीय सेना ने कुल 9 ऐसे ठिकानों को सफलतापूर्वक नष्ट किया, जहां आतंकवादियों को ट्रेनिंग दी जाती थी और जो उनके छिपने के प्रमुख स्थान थे। शाह ने जोर देकर कहा,हमारी बहादुर सेना ने आतंकियों को ऐसा माकूल जवाब दिया कि उनके प्रशिक्षण शिविर और ठिकाने 100 किलोमीटर अंदर तक जाकर तबाह कर दिए गए। शाह ने पाकिस्तान की ओर से मिलने वाली परमाणु धमकियों पर भी तीखी प्रतिक्रिया दी। उन्होंने कहा,जो लोग हमें एटम बम की धमकी देते थे, उन्हें लगता था कि भारत उनकी धमकियों से डर जाएगा। लेकिन हमारी थल सेना, नौसेना और वायुसेना ने उन्हें ऐसा जवाब दिया है कि अब पूरी दुनिया भारत के धैर्य और प्रधानमंत्री मोदी की निर्णायक नेतृत्व क्षमता की तारीफ कर रही है।

शाह ने भारतीय सेना के अदम्य शौर्य और साहस को सलाम करते हुए कहा कि यह प्रधानमंत्री मोदी की दृढ़ राजनीतिक इच्छाशक्ति और सेना की बहादुरी का ही परिणाम है कि अब भारत सिर्फ आतंकी हमलों का जवाब ही नहीं देता, बल्कि पहले से तैयारी करके दुश्मनों को सबक सिखाने में भी सक्षम है।

# सीजफायर अनिश्चितकाल तक जारी,अफवाहों पर ना दें ध्यान

» भारत-पाक संघर्ष विराम पर आया सेना का बयान



**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** भारत-पाकिस्तान युद्धविराम समझौते को लेकर खबरों पर इंडियन आर्मी का बयान आया है। भारतीय सेना ने साफ किया है कि आज यानि 18 मई को डायरेक्टर जनरल ऑफ मिलिट्री ऑपरेशंस (DGMO) स्तर की कोई वार्ता निर्धारित नहीं है। सेना की ओर से कहा गया है कि कुछ मीडिया रिपोर्ट में यह खबरें चल रही हैं कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम (सीजफायर) आज समाप्त हो रहा है। इस खबर के बाद से कई लोगों में भ्रम की स्थिति बनी हुई है।

### भारतीय सेना ने अटकलों पर जारी किया स्पष्ट बयान

भारतीय सेना ने इन अटकलों पर स्पष्ट बयान जारी किया और कहा है कि भारत और पाकिस्तान के बीच संघर्ष विराम के खत्म होने की खबरें पूरी तरह गलत हैं। सेना के अनुसार, कुछ मीडिया संस्थानों द्वारा यह भी दावा किया जा रहा है कि आज डीजीएमओ स्तर की बातचीत होनी है। इस पर सेना ने कहा कि आज डीजीएमओ स्तर की कोई बातचीत निर्धारित नहीं है।

### संघर्षविराम को लेकर उसकी कोई समाप्ति तिथि निर्धारित नही

सेना ने यह भी स्पष्ट किया कि 12 मई को भारत और पाकिस्तान के डीजीएमओ के बीच हुई बातचीत में संघर्षविराम को लेकर जो सहमति बनी थी, उसकी कोई समाप्ति तिथि निर्धारित नहीं की गई है। यानी यह अनिश्चित काल तक जारी रहेगा। सेना के बयान के बाद अब यह साफ हो गया है कि भारत-पाकिस्तान के बीच संघर्षविराम जारी रहेगा और इसे समाप्त करने की कोई समय-सीमा तय नहीं की गई है।

# ऑपरेशन सिंदूर को लेकर टिप्पणी करने पर प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को पड़ा भारी,पुलिस ने किया गिरफ्तार



**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** अशोका यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर अली खान महमूदाबाद को रविवार को हरियाणा पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उन पर आरोप है कि उन्होंने ऑपरेशन सिंदूर को लेकर सोशल मीडिया पर एक विवादास्पद टिप्पणी की थी, जिसे लेकर महिला आयोग ने आपत्ति जताई थी। हरियाणा राज्य महिला आयोग ने इस टिप्पणी का संज्ञान लेते हुए 12 मई को प्रोफेसर को नोटिस भेजा था। आयोग ने कहा कि महमूदाबाद की बातों से भारतीय सेना में कार्यरत महिलाओं का अपमान हुआ है और इससे समाज में सांप्रदायिक तनाव भी बढ़ सकता है। राई (सोनीपत) के एसीपी अजीत सिंह ने बताया कि महमूदाबाद को दिल्ली से गिरफ्तार किया गया है। सूत्रों के अनुसार, यह गिरफ्तारी एक बीजेपी नेता की शिकायत पर दर्ज हुई एफआईआर के आधार पर की गई है।

### प्रोफेसर ने दी सफाई,बात को तोड़ा-मरोड़ा गया

प्रोफेसर ने बयान जारी कर कहा कि उनकी बातों को गलत समझा गया। उन्होंने साफ किया कि उनकी पोस्ट महिलाओं के खिलाफ नहीं थी,बल्कि सेना में महिलाओं की वास्तविक भागीदारी पर सवाल उठाती थी। उन्होंने यह भी कहा कि महिला आयोग के नोटिस में यह स्पष्ट नहीं किया गया है कि उनकी टिप्पणी कैसे कानून या महिलाओं के अधिकारों के खिलाफ है।

# लॉन्चिंग के तीसरे चरण में फेल हो गया EOS-09



**श्रीहरिकोटा 18 मई 2025(ए)।** भारतीय अंतरिक्ष अनुसंधान संगठन (इसरो) का ईओएस-09 मिशन तीसरे चरण में चूक गया। इसकी जानकारी इसरो प्रमुख डॉ. वी. नारायणन ने दी। इसे पोलर सैटेलाइट लॉन्च व्हीकल (पीएसएलवी-सी61) से लॉन्च किया गया था, जो कुछ ही मिनटों में असफल हो गया। आधिकारिक एक्स पोस्ट में बताया गया कि रविवार को 101वां प्रक्षेपण प्रयास किया गया, पीएसएलवी-सी61 का प्रदर्शन दूसरे चरण तक सामान्य रहा। तीसरे चरण में तकनीकी खामी पेश आई जिससे वो चूक गया।

# ज्योति मल्होत्रा कैसे बनी पाकिस्तानी जासूस?

» अब इस यूट्यूबर से IB ने की पूछताछ



**पुरी,18 मई 2025(ए)।** हरियाणा के हिसार में मशहूर यूट्यूबर ज्योति मल्होत्रा की गिरफ्तारी के बाद से खुफिया एजेंसियां जांच में जुटी हुई हैं। पाकिस्तान के लिए जासूसी करने के आरोप में पकड़ी गई ज्योति के मामले में अब ओडिशा का कनेक्शन भी सामने आ गया है। केंद्रीय खुफिया एजेंसी इंटेलिजेंस ब्यूरो (IB) और पुरी पुलिस के संयुक्त प्रयासों से इस मामले की जांच अब पुरी तक पहुंच गई है। यहां एक अन्य यूट्यूबर प्रियंका सेनापति से पूछताछ की गई है।

ज्योति मल्होत्रा,जो अपने व्लॉग्स और सोशल मीडिया कंटेंट के लिए फेमस थी, उस पर आरोप है कि वह भारतीय सेना और रणनीतिक ठिकानों से जुड़ी संवेदनशील जानकारी पाकिस्तान को भेजती थी। महीनों की निगरानी और साक्ष्यों के आधार पर उसे छह अन्य आरोपियों के साथ गिरफ्तार किया गया है। यह गिरफ्तारी एक साइबर-जासूसी नेटवर्क के उजागर होने की ओर संकेत कर रही है, जिसमें सोशल मीडिया और डिजिटल इन्फ्लुएंसर्स का इस्तेमाल कर देश के भीतर से जानकारी लीक की जा रही है।

# लश्कर का टॉप आतंकी ढेर,अज्ञात हमलावरों ने उतारा मौत के घाट

» महाराष्ट्र के नागपुर में RSS मुख्यालय में साल 2006 में हमले की रची थी साजिश

» 2001 में रामपुर में CRPF कैंप पर हमला करवाया था...

» बेंगलुरु में 2005 में हमला करवाया था...



**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** लश्कर-ए-तैयबा के शीर्ष आतंकी सैफुल्लाह खालिद को पाकिस्तान में अज्ञात हमलावरों ने मार गिराया है। वह लंबे समय से नेपाल से अपने नापाक हरकतों को ऑपरेट कर रहा था। हालांकि, वर्तमान में वह सिंध प्रांत के मतली, बदीन से काम कर रहा था। यह आतंकी भारत में हुए तीन हमलों में शामिल था।

महाराष्ट्र के नागपुर में RSS मुख्यालय में साल 2006 में हमले की साजिश रची थी।

2001 में रामपुर में CRPF कैंप पर हमला करवाया था। बेंगलुरु में 2005 में हमला करवाया था। भारतीय विज्ञान संस्थान के एक ऑडिटोरियम में चल रहे अंतरराष्ट्रीय सम्मेलन के बाद बाहर निकल रहे लोगों पर आतंकियों ने गोलीबारी की थी जिसमें एक प्रोफेसर की मौत हो गई थी और कई अन्य लोग घायल हो गए थे। कौन था सैफुल्लाह खालिद? सैफुल्लाह खालिद लश्कर-ए-तैयबा का ऑपरेटिव था. लश्कर-ए-तैयबा ने भारत में हमलों की तैयारी करने के लिए टास्क दिया था। जिसके बाद ये नेपाल में कई सालों तक बेस बनाकर वहां से लगातार भारत में आतंकवादी हमले करवा रहा था। लेकिन जब भारतीय खुफिया एजेंसियों को इसके बारे में जानकारी मिली तो ये नेपाल से भागकर पाकिस्तान में छिपा हुआ था। इंडिया का ये मोस्ट वांटेड आतंकी था.सैफुल्लाह अलग-अलग नाम से, विनोद कुमार के नाम से और तमाम नाम से वो नेपाल से आतंकी गतिविधियों को ऑपरेट कर रहा था। पाकिस्तान में इसे हमलावारों ने मार गिराया है।

# पाकिस्तान को बेनकाब करेगा 59 सदस्यों का प्रतिनिधिमंडल

» हर प्रतिनिधिमंडल में 8 से 9 सदस्य हैं और एक मुस्लिम चेहरे को जगह मिली है...



**नई दिल्ली,17 मई 2025(ए)।** आतंकवाद पर पाकिस्तान को बेनकाब करने और ऑपरेशन सिंदूर की जानकारी देने के लिए एक बड़े कूटनीतिक कदम के तहत केंद्र सरकार 7 प्रतिनिधिमंडलों को अलग-अलग देशों में भेजेगी।

इन सभी प्रतिनिधिमंडल में 59 सदस्य हैं, जिनमें विपक्ष के नेता और राजदूत भी शामिल हैं। ये प्रतिनिधिमंडल दुनिया के कई देशों खासकर संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद के सदस्य देशों का दौरा करेगा और ऑपरेशन सिंदूर और पाकिस्तान प्रायोजित आतंकवाद पर भारत का रुख रखेगा।

कांग्रेस सांसद शशि थरूर,भाजपा सांसद रविशंकर प्रसाद और बैजयंत पांडा, जनता दल यूनाइटेड सांसद संजय कुमार झा,द्रविड़ मुन्नेत्र कड़गम सांसद कनिमोझी करुणानिधि,राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी सांसद सुप्रिया सुले और शिवसेना सांसद एकनाथ श्रीकांत शिंदे प्रतिनिधिमंडलों की अगुवाई करेंगे।

हर प्रतिनिधिमंडल में 8 से 9 सदस्य हैं और कम से कम एक मुस्लिम चेहरे को जगह मिली है। इसके अलावा पूर्व मंत्री, राजदूत और 6-7 सांसद भी शामिल हैं। पहले प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व बैजयंत पांडा कर रहे हैं। इसमें निशिकांत दुबे, फांगनोन कोन्याक, रेखा शर्मा, असदुद्दीन ओवैसी, सतनाम संधू, गुलाम नबी आजाद और हर्ष श्रृंगला शामिल हैं।

## संपादकीय

# लड़कियों का बेहतर प्रदर्शन लडकों से...

केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड (सीबीएसई) द्वारा 12वीं और 10वीं कक्षा के मंगलवार को घोषित नतीजों में लड़कियों ने एक बार फिर लड़कों से बेहतर प्रदर्शन किया। पिछले साल की तुलना में इस साल 12वीं कक्षा की परीक्षा में 90 फीसद से ज्यादा अंक अर्जित करने वाले छात्रों की संख्या में मामूली कमी आई है। सीबीएसई के परीक्षा नियंत्रक संयम भारद्वाज ने बताया कि 12वीं में 88.39 फीसद उम्मीदवार परीक्षा में सफल हुए हैं,जबकि 10वीं कक्षा की परीक्षा 93 फीसद छात्र उत्तीर्ण घोषित किए गए हैं और लड़कियों के उत्तीर्ण होने का प्रतिशत लड़कियों से दो फीसद अधिक रहा। सीबीएसई की कक्षा 10 की बोर्ड परीक्षा में 93.66 फीसद परीक्षार्थी पास हुए हैं। इस बार भी बोर्ड ने मेरिट लिस्ट (मेधा सूची) जारी नहीं की यानी किस बच्चे ने टॉप किया और कौन बच्चा दूसरे,तीसरे नंबर पर रहा यह नहीं बताया गया। मेधा सूची जारी न करने के पीछे प्रमुख कारण बताया गया कि इससे बच्चों में बेवजह की प्रतिस्पर्धा देखने को मिलती है। सबसे ज्यादा चिंतनीय बात तो यह कि अनेक बच्चे इससे अहसासे कमतरी तक का शिकार हो जाते हैं। वैसे भी बोर्ड परीक्षा का हौवा इतना रहता है कि परीक्षार्थी काफी पहले से नर्वस दिखलाई पडने् लगते हैं। हालांकि बोर्ड परीक्षा अब आम परीक्षा जितनी अहमियत वाली रह गई हैं क्योंकि उच्च शिक्षा में प्रवेश के लिए सीयूईटी जैसी परीक्षा उत्तीर्ण अनिवार्य बनाया जा चुका है। इसलिए बोर्ड परीक्षाओं की पहले जैसी धमक नहीं रही। लेकिन हर साल की तरह इस बार भी तमाम निजी स्कूल और कोचिंग संस्थान बोर्ड परीक्षाओं में अच्छे अंकों से पास हुए छात्र-छात्राओं को फोटो के साथ मुबारकबाद देने का सिलसिला जमाए हुए हैं। लगता है कि एक समूचा तंत्र ही सक्रिय हो उठा है, जिसके जरिए निजी स्कूल अपनी मार्केटिंग करने में जुटे हैं। जिस नीयत से सीबीएसई ने मेधा सूची जारी न करने का फैसला किया था, उसे ये निजी संस्थान पलीता लगा रहे हैं। तत्काल इस प्रकार के उपक्रम पर रोक लगाई जानी चाहिए। इस तरीके से अभिभावकों को भ्रम में डाला जा रहा है, और ज्यादा से ज्यादा छात्रों के इनटेक के लिए कवायद निजी स्कूलों और संस्थानों द्वारा की जा रही है। अच्छा प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं के उज्ज्वल भविष्य की कामना के साथ अच्छा न कर पाने वालों के लिए यह संदेश कि सतत प्रयत्नशील बने रहें।

# 'सिन्दूर' अब श्रृंगार ही नहीं,शौर्य का प्रतीक



प्रियंका सौरव
हिसार,हरियाणा

**सिन्दूर,जो कभी सिर्फ वैवाहिक प्रेम का प्रतीक था, आज ऑपरेशन सिंदूर की नायिकाओं वियोमिका और सोफिया की साहसिक कहानियों का प्रतीक बन गया है। ये महिलाएं सिर्फ सजी-धजी मूरतें नहीं,बल्कि अदम्य साहस,बलिदान और नारी शक्ति का जीवंत उदाहरण हैं। उन्होंने न केवल अपने हौसले से दुश्मनों को मात दी, बल्कि यह भी दिखाया कि सिन्दूर का यह लाल रंग नारी के आत्मसम्मान और स्वाभिमान की ज्वाला है। यह सिन्दूर अब केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि संघर्ष,समर्पण और शौर्य की अनूठी कहानी है।**




सिन्दूर,जो प्राचीन काल से भारतीय नारी के वैवाहिक जीवन का प्रतीक रहा है,आज एक नए अर्थ में उभर रहा है। यह केवल सुहाग का प्रतीक नहीं,बल्कि नारी शक्ति, साहस और स्वाभिमान का प्रतीक बनता जा रहा है। यह बदलाव केवल एक सांस्कृतिक परिवर्तन नहीं, बल्कि एक सामाजिक क्रांति का संकेत है।

भारतीय समाज में सिन्दूर का स्थान अत्यंत पवित्र माना जाता है। यह न केवल पति की लंबी उम्र की कामना है,बल्कि पति-पत्नी के बीच के अटूट बंधन का प्रतीक भी है। लेकिन बदलते समय के साथ,सिन्दूर अब केवल एक पारंपरिक श्रृंगार का हिस्सा नहीं रह गया है। यह आज की नारी की स्वतंत्रता,स्वाभिमान और साहस का भी प्रतीक बन चुका है।

प्राचीन ग्रंथों में सिन्दूर को सौभाग्य, प्रेम और आस्था का प्रतीक माना गया है। लेकिन जब हम इतिहास के पन्नों में झांकते हैं,तो हमें ऐसे कई उदाहरण मिलते हैं जहां सिन्दूर केवल श्रृंगार नहीं,बल्कि शौर्य और बलिदान का प्रतीक भी बना। रानी लक्ष्मीबाई,रानी दुर्गावती,पद्मावती जैसी वीरांगनाओं ने अपने सिन्दूर की लाज के लिए तलवार उठाई, अपने प्राणों की आहुति दी। ये उदाहरण दिखाते हैं कि सिन्दूर केवल सौंदर्य का नहीं,बल्कि स्वाभिमान और आत्मबल का प्रतीक भी है। आज की नारी भी इसी भावना से ओतप्रोत है। वह केवल एक पत्नी,मां या बहू तक सीमित नहीं है,बल्कि समाज की रीढ़ है। वह हर क्षेत्र में अपना परचम लहरा रही है-चाहे वह खेल का मैदान हो, युद्ध का मैदान हो, या फिर राजनीति की गूंज। मिताली राज,मेरी कॉम,नीरज चोपड़ा जैसी खिलाड़ियों ने सिन्दूर के प्रतीक को नई ऊंचाइयों पर पहुंचाया है। उनकी सफलता की कहानियां हमें यह सिखाती हैं कि सिन्दूर न केवल परिवार का सम्मान है,बल्कि आत्मसम्मान का प्रतीक भी है।

इस भावना को हाल ही में ऑपरेशन सिंदूर ने भी बल दिया,जिसमें वियोमिका और सोफिया जैसी बहादुर महिलाओं ने अपने साहस और संघर्ष से यह साबित किया कि सिन्दूर केवल श्रृंगार नहीं,बल्कि अदम्य साहस का प्रतीक है। इन वीरांगनाओं ने न केवल अपने कर्तव्य का निर्वाह किया,बल्कि समाज की धारणाओं को भी चुनौती दी। यह परिवर्तन केवल महिलाओं तक ही सीमित नहीं है,बल्कि समाज के हर कोने में महसूस किया जा रहा है। सिन्दूर अब केवल पवित्रता का नहीं, बल्कि प्रतिरोध का प्रतीक भी है। यह उन महिलाओं की आवाज है जो अन्याय के खिलाफ उठ खड़ी होती हैं,अपने हक के लिए लड़ती हैं, और समाज की बंधी-बंधाई धारणाओं को तोड़ती हैं।

यह बदलाव फिल्मों और साहित्य में भी साफ दिखाई देता है। जैसे कि फिल्म मणिकर्णिका में झांसी की रानी लक्ष्मीबाई का सिन्दूर केवल श्रृंगार का नहीं, बल्कि स्वाभिमान और संघर्ष का प्रतीक है। इसी तरह, कई वेब सीरीज और कहानियां भी सिन्दूर को एक नई परिभाषा दे रही हैं। समाज का यह नया दृष्टिकोण नारी के प्रति उसकी बदलती सोच का प्रतीक है। अब सिन्दूर केवल विवाह का प्रतीक नहीं,बल्कि स्वतंत्रता, साहस और आत्मसम्मान का प्रतीक बन गया है। यह उस नारी का प्रतीक है जो किसी भी परिस्थिति में न झुकने का संकल्प लेती है,जो अपने आत्मसम्मान के लिए किसी भी हद तक जा सकती है।

संक्षेप में कहें तो,सिन्दूर अब केवल श्रृंगार नहीं,बल्कि शौर्य का प्रतीक है। यह हर उस नारी का प्रतिनिधित्व करता है जो खुद को परिभाषित करने में सक्षम है, जो किसी भी बंधन को तोड़कर अपनी पहचान बना रही है। यह बदलाव हमारे समाज की सोच में आ रहे सकारात्मक परिवर्तन का सूचक है। यह केवल एक परंपरा का नहीं, बल्कि एक पूरे विचारधारा का पुनर्जागरण है। आज की नारी सिन्दूर को केवल एक प्रतीक नहीं, बल्कि अपने संघर्ष और स्वाभिमान का प्रतीक मानती है। यह उसकी शक्ति, संकल्प और आत्मसम्मान का प्रमाण है। सिन्दूर, जो एक समय केवल वैवाहिक बंधन का प्रतीक था, आज नारी की आत्मशक्ति,संघर्ष और साहस का प्रतीक बन चुका है। यह उन महिलाओं का प्रतिनिधित्व करता है जिन्होंने अपने सपनों को पंख दिए और समाज की पुरानी धारणाओं को तोड़ा। यह केवल एक परंपरा नहीं, बल्कि एक संकल्प है-खुद को परिभाषित करने का,अपने आत्मसम्मान के लिए लड़ने का, और अपने अधिकारों के लिए आवाज उठाने का। यह उन वीरांगनाओं का प्रतीक है जिन्होंने इतिहास को अपने खून से लिखा और उन आधुनिक नारियों का प्रतीक है जो हर चुनौती को आत्मविश्वास से स्वीकारती हैं। सिन्दूर अब केवल श्रृंगार नहीं, बल्कि नारीत्व का महाकाव्य है - संघर्ष, स्वाभिमान और शौर्य का प्रतीक।

प्रकाशकः दैनिक घटती-घटना

## कविता
## श्मशान घाट में मंडराया खतरा...



सजय एम तराणेकर
इंदौर, मध्यप्रदेश

माँ का निधन हुआ बेटों ने निकाली अंतिम यात्रा,
लेके गए नजदीकी श्मशान घाट मंडराया खतरा।
विवाद अस्सी वर्षीय महिला छीतर रेगर के गहने,
उसने जीवंत रहते ही अंतिम समय तक थे पहने।
मुख्य लोगों ने शव को चिता पर रखने से पहले,श्रृंगार के गहने सेवाभावी बड़े बेटे को सौंपे रहले।
माँ का निधन हुआ बेटों ने निकाली अंतिम यात्रा,
लेके गए नजदीकी श्मशान घाट मंडराया खतरा।
यहाँ सब देखकर उसका छोटा भाई बिफर पड़ा,
उन कड़ों के लिए माँ की चिता पे हो गया खड़ा।
इस करतूत से रिश्तेदार-परिवार-समाज लजाया,
उसे खूब समझाया अंततः माँ का कड़ा थमाया।
माँ का निधन हुआ बेटों ने निकाली अंतिम यात्रा,
लेके गए नजदीकी श्मशान घाट मंडराया खतरा।
आज सोच रहे होंगे वह माता-पिता यहीं हैं चिता,
जिस पर धन-दौलत पाने के लिए रोक देता बेटा।
क्यों? नहीं बुझती कलयुगी रावणों की यह प्यास,
कैसे भूल जाते बचपन का प्यार हो रहा हैं ह्यास।
(संदर्भ-जयपुर में कड़ों के लिए माँ की चिता पर लेटा कलयुगी बेटा)

## पैतृक संपति का बंटवारा?

# बेटियों की भी नैतिक जिम्मेदारी दृढ़ता से सुनिश्चित की जाए



मुस्ताक अहमद
हरदा
मध्यप्रदेश

क़ानूनी अधिकार अपनी जगह हैं,लेकिन रिश्तों की अहमियत भी समझें। पहले के समय में भाई-बहन का रिश्ता बहुत भावनात्मक और अपनापन भरा होता था। त्योहार,पारिवारिक मिलन और आपसी सहयोग रिश्तों को मज़बूत बनाते थे। लेकिन आज के दौर में, समाज और परिवार की संरचना में कई बदलाव आए हैं। आजकल लोग अपने करियर,निजी जीवन और स्वतंत्रता को प्राथमिकता देने लगे हैं। बढ़ती महंगाई और जीवन की चुनौतियों ने भी रिश्तों को प्रभावित किया है।

महिलाओं में अपने अधिकारों को लेकर जागरूकता बढ़ी है, खासकर संपत्ति के मामले में। भारतीय कानून के अनुसार, बेटियों को पिता की संपत्ति में बराबर का अधिकार है। जिससे महिलाओं को आर्थिक सुरक्षा मिलती है। कई बार संपत्ति के बंटवारे के समय रिश्तों में खटास आ जाती है। बहनें अपने अधिकार मांगती हैं तो भाई इसे अपनत्व में कमी मान लेते हैं। यह एक मानसिकता का सवाल है,जो समय के साथ बदल रहा है। यहां यह सवाल भी महत्वपूर्ण है। अक्सर देखा जाता है कि जब बहनें अपने मायके में संपत्ति मांगती हैं, तो वे अपने ससुराल में अपनी ननद (पति की बहन) को उतना अधिकार देने के लिए तैयार नहीं होतीं। यह एक सामाजिक और नैतिक उलझन है, जिसे खुलकर स्वीकारना और समझना चाहिए।

परिवार में खुले दिल से बातचीत करें। संपत्ति के साथ-साथ रिश्तों की अहमियत भी समझें।

कानून का सम्मान करें,लेकिन आपसी प्रेम और समझदारी को भी न भूलें। जैसा अधिकार आप अपने लिए चाहते हैं, वैसा ही दूसरों को देने की सोच रखें। संपत्ति तो जीवन का एक हिस्सा है, लेकिन रिश्ते उससे कहीं ज्यादा कीमती हैं। समाज में बदलाव आना स्वाभाविक है,लेकिन हमें यह याद रखना चाहिए कि कानून और अधिकार के साथ-साथ रिश्तों की मिठास और अपनापन भी जरूरी है। संपत्ति के बंटवारे में न्याय हो,लेकिन आपसी प्रेम और सम्मान भी बना रहे-यही आदर्श स्थिति होगी। संपत्ति के बंटवारे और अधिकारों की मांग कई बार रिश्तों में ऐसी दूरी और बेरुखी ला देती है कि भाई-बहन का अटूट बंधन भी टूटने की कगार पर आ जाता है। यह एक बहुत ही संवेदनशील और जटिल मसला है, जिसमें भावनाएं, परंपराएं, और कानूनी अधिकार ङ्क तीनों टकराते हैं। अक्सर ऐसे मुद्दों पर



खुलकर बात नहीं होती,जिससे गलत फहमियां और बढ़ जाती हैं। हर किसी की बात को समझें और अपनी बात शांति से रखें। कानूनी अधिकार अपनी जगह हैं, लेकिन रिश्तों की अहमियत भी समझें। प्यार, अपनापन और साथ ये संपत्ति से कहीं ज्यादा कीमती हैं। जैसा व्यवहार आप अपने लिए चाहते हैं,वैसा ही दूसरों के साथ भी करें। अगर बहन मायके में अधिकार चाहती है, तो ससुराल में भी ननद को उसका अधिकार दिलाने का समर्थन करें।

घर के बड़े-बुजुर्ग,माता-पिता या कोई समझदार सदस्य इस मामले में मध्यस्थता कर सकते हैं। उनका अनुभव और सलाह कई बार रिश्तों को टूटने से बचा लेती है। अगर मामला ज्यादा उलझ जाए तो फ़ैमिली काउंसलर या लीगल एक्सपर्ट की मदद ली जा सकती है,जिससे समाधान निकल सके और रिश्ते भी बचें। संपत्ति का बंटवारा एक जरूरी प्रक्रिया है,लेकिन यह रिश्तों का अंत नहीं होना चाहिए। अगर हम संवाद, समझदारी और निष्पक्षता से काम लें तो बेरुखी की जगह रिश्तों में और मजबूती आ सकती है। ये मुद्दा बहुत सटीक और समाज की एक कड़वी सच्चाई को उजागर करता है। यह बात सही है कि अक्सर माता-पिता की देखभाल की जिम्मेदारी ज्यादातर बेटों के हिस्से में ही आ जाती है,जबकि बेटियां (बहनें) सामाजिक या पारिवारिक कारणों से पीछे हट जाती हैं। लेकिन जब संपत्ति के बंटवारे की बात आती है, तो वे बराबरी का अधिकार मांगती हैं। यह विरोधाभास कई परिवारों में तनाव और कड़वाहट की वजह बनता है। पारंपरिक रूप से बेटियों की शादी के बाद यह मान लिया जाता है कि उनकी जिम्मेदारी अब उनके ससुराल की है,इसलिए वे मायके के माता-पिता की देखभाल में कम भागीदारी दिखाती हैं।समाज भी बेटों से ही माता-पिता की सेवा की उम्मीद करता है। अब बेटियां अपने अधिकारों के प्रति जागरूक हो गई हैं,लेकिन कर्तव्यों के प्रति वही जागरूकता नहीं दिखती।बेटियों को यह समझना चाहिए कि अगर वे संपत्ति में बराबरी का अधिकार चाहती हैं, तो माता-पिता की देखभाल में भी बराबरी से भागीदारी निभाना उनका कर्तव्य है। यह भागीदारी आर्थिक,भावनात्मक या समय देने के रूप में हो सकती है।परिवार में इस विषय पर खुलकर चर्चा होनी चाहिए। बेटियों से भी अपेक्षा की जाए कि वे अपने माता-पिता के प्रति जिम्मेदार रहें,चाहे वे ससुराल में हों या कहीं और। देखभाल की जिम्मेदारी सिर्फ़ बेटों पर न डालें। बेटियां भी अपनी क्षमता के अनुसार सहयोग करें चाहे आर्थिक मदद, समय देना, या अन्य किसी रूप में। बेटियों को भी माता-पिता की सेवा और जिम्मेदारी का महत्व समझना चाहिए, और समाज को भी बेटियों को इस भूमिका के लिए प्रोत्साहित करना चाहिए।

अधिकार और कर्तव्य एक ही सिक्के के दो पहलू हैं। अगर बेटियां संपत्ति में बराबरी चाहती हैं, तो उन्हें माता-पिता की सेवा और देखभाल में भी बराबरी से भाग लेना चाहिए। रिश्तों की खूबसूरती तभी बनी रह सकती है जब हर सदस्य अपने अधिकार के साथ-साथ अपने कर्तव्यों को भी ईमानदारी से निभाए। जब माता-पिता की आर्थिक मदद या खर्च की बात आती है, तो कई बेटियां (कुछ अपवादों को छोड़कर) अपनी जिम्मेदारी से किनारा कर लेती हैं। वे यह मान लेती हैं कि माता-पिता की देखभाल और आर्थिक ज़िम्मेदारी सिर्फ़ बेटों की है, जबकि संपत्ति के बंटवारे में बराबरी का हक़ जरूर चाहती हैं। यह व्यवहार परिवार में असंतुलन और असंतोष की वजह बनता है। माता-पिता की सेवा और आर्थिक मदद भी उनका कर्तव्य है। बेटियों को ये नहीं भूलना चाहिए कि माता-पिता की देखभाल और आर्थिक मदद उनकी भी जिम्मेदारी है,चाहे वे कहीं भी रहें।

परिवार में बेटियों से भी माता-पिता के खर्चों में सहयोग की अपेक्षा खुले तौर पर रखें। यह कोई शर्म या अपराध नहीं, बल्कि पारिवारिक जिम्मेदारी है। माता-पिता की जरूरतों के लिए बेटों और बेटियों,दोनों का मासिक या वार्षिक योगदान तय किया जा सकता है। इससे पारदर्शिता और संतुलन बना रहेगा। बेटियों के पति और ससुराल वालों को भी समझाएं कि माता-पिता की सेवा और मदद बेटी की नैतिक जिम्मेदारी है,इसमें सहयोग करें। अगर बेटियां आर्थिक मदद नहीं कर पातीं, तो संपत्ति के बंटवारे में भी इस योगदान को ध्यान में रखा जाए। सिर्फ़ अधिकार मांगना सही नहीं, कर्तव्य भी निभाना जरूरी है। माता-पिता की आर्थिक मदद में बेटियों की भागीदारी न सिर्फ परिवार को मजबूत बनाती है, बल्कि रिश्तों में भी पारदर्शिता और सम्मान लाती है। रिश्ते सिर्फ अधिकार से नहीं, ज़िम्मेदारी आपसी सामंजस्य और समझ से भी मज़बूत होते हैं।

## कविता
## देश की पीठ में खंजर...

घटती-घटना



डां.सत्यवान सौरव
हिसार
हरियाणा

गद्दारों की बिसात बिछी,देश की मिट्टी रोती है,
सीमा के प्रहरी चीख उठे,जब अंदर से चोट होती है।
ननकाना की राहों में छुपा,विश्वास का बेईमान,
पैसों की खातिर बेच दिया,अपना पावन हिंदुस्तान।
मंदिर-मस्जिद की आड़ में, देशद्रोह का बीज पनपता,
सोने की चिड़िया का कंठ घुटा,जब अंदर से लहू बहता।
ज्योति ने छल की ज्वाला जलाई,यूट्यूब पर बिछाई चाल,
देवेंद्र ने पगड़ी की ओट में,गुप्तचरी का फैलाया जाल।
जमशेद ने सरकारी कागज़ों से,दुश्मनों को दिया अमृतपान, नोमान ने नफरत की बंसी से,फूंका भारत का अभिमान। पैसों के लिए बेच दिया ईमान,पतन की ऐसी कथा लिखी, अपने ही घर में आग लगाई, मां भारती की छाती चीर दी। गद्दारों की बस्ती उजाड़ो,चुप्पी की दीवार तोड़ो, देश की माटी में सच्चाई का दीप जलाओ,अंधकार छोड़ो।
सजग रहो,सतर्क रहो,विश्वासघात न दोहरा पाएं,
मातृभूमि की रक्षा का संकल्प फिर से दुहराएं।
आओ मिलकर करें प्रतिज्ञा,न झुकेंगे,न टूटेंगे,
गद्दारों को माफ न करेंगे,हर कदम पर देश के साथ खड़े रहेंगे।

## कविता
## रम गया भोले में...

घटती-घटना



कार्तिकेय कुमार त्रिपाठी
इंदोर
मध्यप्रदेश

मन मेरा रम गया भोले में,
रास नहीं कुछ आता है,
गाकर भोले-भोले मेरा,
जीवन यूं कट जाता है।
मन मेरा रम...
जो दुर्गम था सफर मेरा वो,
बस आसान हुआ जाता,
भोले की इच्छा से ही मैं,
जीवन की राह सजा पाता।
मन मेरा रम....
कलम पकड़ कर मैंने जब-जब,
छवि भोले की बनाई है,
तब-तब भोले नें आकर के,
स्नेह की डोर थमाई है।
मन मेरा रम...
सुमिरन करते हैं भोले को,
श्वांसों की आवाजाही से,
सुरभित हो जाता है आंगन,
भोले भक्ति के गीतों से।
मन मेरा रम...
जितना रम जाते भोले में,
उतने ही पावन हो जाते,
क्षण-क्षण होते भोले के हम,
जीवन फिर सारा तर जाते।
मन मेरा रम...

# श्रेष्ठ सफलता के लिए चिंता नही चिंतन की आवश्यकता



संजीव ठाकुर,
रायपुर,छत्तीसगढ़

निराशा और चिंता मनुष्य के जीवन की प्रगति के बड़े बाधक हैं। निराशा को तत्काल विचारों से अलग करें और चिंता को अपने मस्तिष्क में ना आने दे अन्यथा अत्यधिक चिंता व्यक्ति को चिता तक ले जाने में देर नहीं करती है अतः सकारात्मक सोच के साथ नवीन संकल्प और दृढ़ निश्चय रखकर जीवन के पथ में अग्रसर हो होंद्य मन ही मन यदि आपने किसी कठिन कार्य को करने का संकल्प ले लिया तो निरंतर जिजीविषा और संयम के साथ संघर्ष हर बड़ी जीत और सफलता के उत्तम मार्ग हैं। वैसे जीवन में दुष्कर, कठिन कार्य को पहले चुनना चाहिए जिससे पूरी शक्ति एवं उर्जा लगाकर हम उसे प्राप्त कर सके। कठिन कार्य से घबराकर उससे पलायन करना निराशा को जन्म देता है। निराशा से बढ़कर कोई अवरोध नहीं अतः निराशा, हताशा को त्यागें और ऊर्जा उत्साह के साथ आगे बढ़े, सफलता आपके कदमों पर होगी। हर बड़ा व्यक्ति जो हमें समाज से अलग हटकर खड़ा दिखाई देता है। जिसे हम विलक्षण मानते और प्रतिभा संपन्न मानते हैं और आज के संदर्भ में हम उसे सेलिब्रिटी कहते हैं तो निःसंदेह उसकी इस सफलता के पीछे अनवरत श्रम, अदम्य मानसिक शक्ति और संयम छुपा होता है। बड़ी सफलता प्राप्त करने का कोई सरल उपाय या शॉर्टकट नहीं होता है। विपरीत परिस्थितियों में मनुष्य की मानसिक दृढ़ता एवं संकल्पित कठिन श्रम ही सफलता के रास्ते खोलते हैं।यूं तो हर इंसान के जीवन में विशेषताएं, मान्यताएं, प्रतिबद्धताओं और आकांक्षाएं होती हैं। सभी लोग मूलभूत आवश्यकताओं के साथ साथ सामाजिकता,प्रसिद्धि और प्रतिष्ठा जैसी उच्च स्तरीय आवश्यकताओं की पूर्ति करना चाहते हैं। मानव की स्वाभाविक और अदम्य इच्छा की पूर्ति के संपूर्ण जीवन और उसके अस्तित्व के लिए अत्यंत आवश्यक है किंतु व्यक्ति की इच्छा,आकांक्षा सफलता उस उसके मूल्यों,सिद्धांतों और आदर्शों की कीमत पर कतई नहीं होनी चाहिए । यदि व्यक्ति की आकांक्षा,सफलता और इच्छा उसकी अदम्य इच्छा,भूख और मूल्यों को समाविष्ट ना करते हुए दूसरी दिशा में जाती हो तो ऐसे में उसकी सफलता पूरे मानव समाज और मानवता के लिए संकट का कारण भी बन सकती हैद्य जिस तरह एक वैज्ञानिक मेहनत, लगन, प्रयोगशाला में मानवी संविधान मूल्यों से ओतप्रोत मानव कल्याण के उपकरण न बनाकर जैविक व रासायनिक हथियार बनाकर व्यापक नरसंहार जैसे अमानवीय अविष्कार को मूर्त रूप दे,तो यह समाज के लिए खतरनाक हो सकता हैद्य यही वजह है की सफलता का नक्शा और इच्छा के पीछे माननीय मूल्यों का होना अत्यंत आवश्यक भी है।

मूल्य,सिद्धांत और नैतिकता जीवन के लक्ष्य और उसके क्रियान्वयन में सर्वाधिक संवेदनशील एवं महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। सफलता की धारणा केवल स्थापित मापदंड न होकर मानवीय मूल्यों से जुड़ा होकर मानव कल्याण के लिए भी होना चाहिए। इसमें कोई संदेह नहीं की विश्व भर की सभी सभ्यताओं, संस्कृतियों और धर्मों में अहिंसा, सत्य ,करुणा,सेवा,दया और विश्व बंधुत्व की भावना की निर्विवाद उपस्थिति दिखाई देती है। और वैश्विक विकास की अवधारणा भी इन्हीं बिंदुओं पर रखकर तय की जाती है। भारत में प्राचीन काल से ही मूल्यों की प्रतिबद्धता की परंपरा चली आ रही है। ऋषि-मुनियों ने तो यहां तक कहा है कि जिसका चरित्र तथा माननीय आदर्श चला गया वह व्यक्ति, मृतक लाश की तरह हो जाता है। भारतीय संस्कृति में आदर्शों तथा मूल्य के पोषक उदाहरणों की अंतहीन सूची है जिनमें कबीर, रैदास,संत,ज्ञानेश्वर तुकाराम, मोइनुद्दीन चिश्ती,निजामुद्दीन औलिया, रहीम,खुसरो,गांधी,नेहरू,टैगोर,सुभाष, विवेकानंद जैसे महान लोग सिद्धांतों की प्रतिबद्धता को अपने जीवन की सफलता मानकर अपने जीवन को समाज को सौंप दिया था। परिणाम स्वरूप व्यक्ति को महज सफलता का पुजारी ना बन कर मूल्यों के प्रति प्रतिबंध होने का प्रयास करना चाहिए। ताकि तनिक सफलता के स्थान पर चिरस्थाई एवं समाज उपयोगी सफलता प्राप्त हो सके। वर्तमान में यह स्पष्ट रूप से दिखाई दे रहा है कि व्यक्ति स्वाद तथा सफलता के लिए अक्सर अपने मूल्यों को तिलांजलि दे देता है। वर्तमान सुख एवं लालच चिरस्थाई सफलता के सामने महत्वपूर्ण एवं प्राथमिक हो जाता है । आज मनुष्य तत्काल एवं अस्थाई सफलता के पीछे माननीय मूल्यों प्रतिबद्धताओं को किनारे कर उस मरीचिका की तरफ दौड़ रहा है जो अत्यंत अस्थाई एवं पानी के बुलबुले की तरह है। और इससे न तो कोई इतिहास बनता है और ना ही कोई प्रतिमान ही स्थापित होता है। पानी का पतला रेला नदी का रूप नहीं ले सकता। उसी तरह बिना मूल्यों की सफलता स्थाई नहीं होती है। राजनीति तथा प्रशासन में मूल्यों सिद्धांतों की तो ज्यादा आवश्यकता महसूस की जाती है। क्योंकि राष्ट्र तथा नीति निर्देशक तत्वों को संचालन की दिशा देने के लिए मानवीय संवेदना,मूल्य और सिद्धांतों की अत्यंत आवश्यकता होती है। अन्यथा समाज दिग्भ्रमित होकर बिखरने के कगार पर पहुंच जाता है। राष्ट्र विखंडित होने की स्थिति में आ जाता है। मूल्य विहीन समाज अपने अधिकारों के दुरुपयोग तथा कर्तव्य के प्रति लापरवाही तथा उदासीनता के चलते समाज को सोचनीय स्तर पर लाकर खड़ा कर देता है। सफलता तब ही शाश्वत तथा स्थाई हो सकती है जब इसमें जीवन के मूल्यों और सिद्धांतों का समावेश होता है। वही देश और राष्ट्र चिरस्थाई तथा लंबे समय तक स्वतंत्र रह सकता है, जिसके शासक एवं प्रजा अपने संपूर्ण कार्य मूल्यों, उसूलों और नैतिक प्रतिबद्धता के मार्ग पर चलकर वैश्विक देशों से अपने संबंध निर्मल तथा सैद्धांतिक बनाकर रखता है अन्यथा उस राष्ट्र को विखंडित और पराधीन होने से कोई नहीं बचा सकता।

समाचार पत्र में छपे समाचार एवं लेखों पर सम्पादक की सहमति आवश्यक नहीं है। हमारा ध्येय तथ्यों के आधार पर सटिक खबरें प्रकाशित करना है न कि किसी की भावनाओं को ठेस पहुंचाना। सभी विवादों का निपटारा अम्बिकापुर न्यायालय के अधीन होगा।
-सम्पादक

# अंबिकापुर में भव्य तिरंगा एवं सिंदूर यात्रा सफलता पूर्वक संपन्नःउमड़ा राष्ट्रभक्ति का जनसैलाब








- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025
(घटती-घटना)।

अंबिकापुर में भव्य तिरंगा यात्रा और सिंदूर यात्रा सफलतापूर्वक संपन्न हुई। राष्ट्रभक्ति के अटूट जज्बे और वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करने के लिए शहर के हर वर्ग,समुदाय और आयु वर्ग के लोगों ने बड़ी संख्या में भाग लिया। यह आयोजन न केवल भारतीय सेना के शौर्य और बलिदान का सम्मान था,बल्कि नागरिकों की गहरी राष्ट्रनिष्ठा का जीवंत प्रमाण भी था।

जम्मू-कश्मीर के पहलगाम में हुए आतंकी हमले के बाद देश में व्याप्त आक्रोश और भारतीय सेना द्वारा पाकिस्तान स्थित आतंकी ठिकानों पर की गई साहसिक कार्रवाई की पृष्ठभूमि में आयोजित इस गैर-राजनीतिक तिरंगा यात्रा में जनसैलाब उमड़ पड़ा। भारत माता की जय,भारतीय सेना जिंदाबाद के नारों के साथ सायं 5:00 बजे गुरु नानक चौक से प्रारंभ हुई यह यात्रा विवेकानंद चौक पर समाप्त हुई,जहाँ शहीदों को भावभीनी श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

इसी क्रम में,मातृशक्ति की राष्ट्रभक्ति और वीर जवानों के प्रति श्रद्धा का प्रतीक सिंदूर यात्रा भी सायं 5:00 बजे जय स्तंभ चौक से घड़ी चौक तक आयोजित की गई। माताओं और बहनों ने सिंदूरी वस्त्र धारण किए हाथों में सिंदूर की थालियां लेकर वीर सपूतों के प्रति अपना स्नेह और आशीर्वाद व्यक्त किया।

इस अवसर पर महापौर मंजूषा भगत ने कहा कि भारत के जवानों ने सिंदूर का लाज रखा। मैं वीर शहीदों को श्रद्धांजलि अर्पित करती हूँ और सेना को नमन करती हूँ।

अपने संबोधन में डॉक्टर योगेंद्र सिंह गहरवार ने कहा कि चार दिन में भारत ने अपनी ताक़त दिखाई,जिससे आज हर भारतवासी को केंद्रीय नेतृत्व और भारतीय सेना पर गर्व है। ऑपरेशन सिंदूर अभी जारी है। उन्होंने कविता के रूप में ऑपरेशन सिंदूर और तिरंगा यात्रा का महत्व बताया।

इस मौक़े पर महेंद्र सिंह टुटेजा ने कहा कि यह वह भारत है जिसे भारतवासियों ने अपने खून से सींचा है। मैं सभी वीर सेनानियों को नमन करता हूँ जिन्होंने देश का नाम गर्व से ऊँचा किया।

इस अवसर पर अधिवक्ता राज्यवर्धन सिंह ने कहा कि इतिहास गवाह है कि ऑपरेशन सिंदूर जैसी सफलता देश को आज तक नहीं मिली। हमारी मिसाइलों ने पाकिस्तान को जो सबक सिखाया है, वह हमेशा इतिहास के पन्नों में दर्ज रहेगा।

कार्यक्रम की सफलता पर प्रसन्नता व्यक्त करते हुए भारत सिंह सिसोदिया ने कहा कि यह यात्रा किसी राजनीतिक दल का कार्यक्रम नहीं थी,बल्कि यह राष्ट्र के प्रति सम्मान और शहीदों को श्रद्धांजलि देने के लिए एक जन-आंदोलन था। उन्होंने सरगुजा के नागरिकों के उत्साहपूर्ण भागीदारी की सराहना करते हुए कहा कि इस अभूतपूर्व समर्थन ने राष्ट्रभक्ति की भावना को और अधिक सशक्त किया है।

मंच संचालन विनोद हर्ष ने तथा कार्यक्रम समाप्ति पर आभार प्रदर्शन वरिष्ठ अधिवक्ता अशोक दुबे ने किया।

इस अवसर पर सांसद चिंतामणि महाराज,गृह निर्माण मंडल अध्यक्ष अनुराग सिंह देव,विधायक राजेश अग्रवाल, विधायक प्रबोध मिंज,अनिल सिंह मेजर, ललन प्रताप सिंह,हरपाल सिंह भामरा, अभिमन्यु गुप्ता,त्रिलोक कपूर कुशवाहा, हरमिन्दर सिंह टिन्नी,अम्बिकेश केशरी, करता राम गुप्ता,फुलेश्वरी सिंह,अरुणा सिंह,मधुसूदन शुक्ला,आलोक दुबे, नीलेश सिंह,संतोष दास,रूपेश दुबे, विवेक दुबे,नकुल सोनकर,अभिषेक सिंह,अनिल जायसवाल,मनोज कंसरी,कमलेश तिवारी,अजय सिंह, तेजेन्दर सिंह बग्गा,विकास पाण्डेय, निश्चल सिंह,धनंजय मिश्रा,जन्मेजय पाण्डेय,सचिन अग्रवाल,अशोक दुबे, देवकी त्रिपाठी,प्रियंका चौबे,नीलम रजवाड़े अंशुल श्रीवास्तव,राजवर्धन सिंह,प्रकाश साहू,राजू पाण्डेय,अवधेश सोनकर,रिंकू वर्मा,शैलेश सिंह,दीपक सिंह तोमर,अनीश सिंह,शोलू सिंह,अभिषेक जायसवाल।

## 16 वर्ष से फरार स्थाई वारंटी गिरफ्तार




- » थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा स्थाई वारंट किया गया तामिल
- » 16 वर्ष से जारी वारंट पर की गई कार्यवाही
- » आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष किया गया पेश

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025
(घटती-घटना)।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) द्वारा जिले के सभी थाना/चौकी प्रभारियों कों अपने अपने थाना छेत्र मे लंबित स्थाई वारंट/ गिरफ़्तारी वारंट की तामिली कर वर्षो से फरार चल रहे वारंटियों कों माननीय न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत करने के सख्त दिशा निर्देश दिए गये थे,इसी क्रम मे थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा अपराध क्रमांक 287/09 धारा 363, 366,376 के मामंमे मे फरार चल रहे आरोपी मोहन सिंह आत्मज निर्मल सिंह उम्र 25 वर्ष साकिन गिरहुलडीह खजूरपारा थाना सीतापुर के प्रकरण मे उपस्थित नही रहने पर माननीय न्यायालय द्वारा आरोपी का स्थाई वारंट जारी किया गया था,आरोपी कों न्यायालय के समक्ष पेश करने हेतु जारी स्थाई वारंट के अनुसार थाना बतौली पुलिस टीम के प्रयास से 16 वर्षो से फरार चल रहे स्थाई वारंटी मोहन सिंह आत्मज निर्मल सिंह उम्र 38 वर्ष साकिन गिरहुलडीह खजूरपारा थाना सीतापुर कों पकड़कर गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया हैं।

स्थाई वारंट की तामिली मे थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सी. पी. तिवारी,आरक्षक दीपक पाण्डेय,हिमांशुपाण्डेय,रविनाराय ण सिंह सक्रिय रहे।

# सप्लायर के घर से एसीबी-ईओडब्ल्यू की टीम ने 19 लाख रुपए नकद व दस्तावेज किए जब्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025
(घटती-घटना)।

शहर के कपड़ा कारोबारी व सप्लायर फर्म के निवास पर शनिवार की अलसुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने संयुक्त रूप से छापा मारा था। घंटों चली कार्रवाई के बाद टीम ने 19 लाख रुपए नकद और ठेके के दस्तावेज जब्त किए हैं। कारोबारी पर डीएमएफ मद से करोड़ रुपए की सप्लाई में बड़ा घोटाला करने का आरोप है।

शहर के बसंत लाल मार्ग निवासी अशोक व मुकेश अग्रवाल जो कि भाई हैं। यह दोनों कपड़े की थोक कारोबारी हैं। इनका सप्लायर फर्म धजाराम-विनोद कुमार अग्रवाल के नाम से है। इन पर डीएमएफ मद से करोड़ रुपए की सप्लाई में बड़ा घोटाला करने का आरोप है। दोनों के खिलाफ डीएमएफ घोटाले में एफआईआर भी दर्ज है। इसके पूर्व ईडी की टीम कारोबारी भाइयों के घर छापा मार चुकी है। शनिवार की सुबह एसीबी और ईओडब्ल्यू की टीम ने इनके घर पर छापा मारा था। छापेमारी की कार्रवाई लगभग 9 घंटे तक चली। एसीबी के सीडीपी प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि कारोबारी फर्म के संचालकों के घर से 19 लाख 1 हजार रुपए नकद और ठेके के दस्तावेज बड़ी संख्या में जब्त किए गए हैं। घर में मुकेश अग्रवाल एवं उनके पिता थे। अशोक अग्रवाल किसी काम से बस्तर गए थे। टीम ने जांच के बाद नकदी और दस्तावेजों को जब्त किया है।



### ईडी की टीम पहले मार चुकी है छपा

फर्म द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर सरकारी विभागों में सप्लाई की गई थी। इनमें महिला और बाल विकास और आदिम जाति कल्याण विभाग शामिल हैं। कारोबारी फर्म के संचालक अशोक अग्रवाल का नाम डीएमफ घोटाले की जांच में सामने आया था। जिसका नाम डीएमफ घोटाले की एफआईआर में भी है। डीएमफ घोटाले की जांच कर रही ईडी की टीम ने पहले छापा मारकर दस्तावेज जब्त किए थे। इसके बाद यह दूसरी बार छापेमारी की कार्रवाई हुई है।

### दोपहर 3 बजे तक चली कार्रवाई

शनिवार को एसीबी व ईओडब्लू की टीम ने प्रदेश में शराब घोटाला व डीएमफ घोटाले के मामले में 5 शहरों में छापेमारी की है। अंबिकापुर में एसीबी व ईओडब्लू अधिकारियों की टीम ने कपड़ा कारोबारी और सप्लायर फर्म धजाराम-अशोक कुमार के संचालक मुकेश अग्रवाल, अशोक अग्रवाल के ब्रम्हरोड स्थित आवास पर पहुंच कर छापा मारा। तड़के पहुंची टीम ने घर में सो रहे सदस्यों को उठाया और जांच शुरू की। जांच दोपहर 3 बजे तक चली।

### कार्रवाई से कारोबारी में हड़कंप

कार्रवाई से अवैध कारोबारियों के बीच जहां एक और हड़कंप है, वहीं कपड़ा कारोबारी के घर दूसरी बार छापे की कार्रवाई से तरह-तरह के कयास लगाए जा रहे हैं। पूर्व में ईडी की टीम ने छापेमारी कर कई दस्तावेज अपने साथ ले गए थे। उसे दौरान ईडी ने कारोबारी को हिरासत में भी लेने की बात सामने आई थी।

## अवैध ईमारती लकड़ी से भरे 02 ट्रैक्टर पुलिस टीम द्वारा वन विभाग को अग्रिम कार्यवाही हेतु किया गया सुपुर्द

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025
(घटती-घटना)।

- » थाना बतौली पुलिस टीम द्वारा चिरगा मोड़ एवं ग्राम देवरी से 02 ट्रैक्टर मय चालक को पकड़कर की गई कार्यवाही
- » वैध दस्तावेज प्रस्तुत नहीं करने पर वन विभाग को किया गया सुपुर्द
- » वन विभाग द्वारा मामले मे अग्रिम जांच कार्यवाही किया जा रहा है...

मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार है की दिनांक 6/05/25 एवं 17/05/25 को थाना बतौली पुलिस टीम को सूचना प्राप्त हुआ की यूपी नंबर के ट्रेक्टर में कुछ लोग चिरगा मोड एवं ग्राम देवरी मे ईमारती लकड़ी भर कर ले जा रहे है,पुलिस टीम द्वारा सूचना पर त्वरित कार्यवाही करते हुए मौक़े पर पहुंचकर उक्त टेक्टर क्रमांक यूपी/20/बीएफ/1658 एवं यूपी/57/एसी /4811 को रोककर ट्रैक्टर के ड्राइवर से पूछताछ किया गया जो अपना नाम (01) सरफराज अली आत्मज अकबर 47 वर्ष साकिन रेहरा थाना हिमपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश एवं (02) मो. वासिफ आत्मज मो. आबीद उम्र 30 वर्ष साकिन मासवी पट्टी थाना भवन जिला शामली उत्तरप्रदेश का होना बताया दोनों ट्रेक्टर में लदा इमारती लकडी एकदम हरा पेड का कटा हुआ था,दोनों ट्रैक्टर के चालको से वाहन तथा लकडी का कागजात पूछे जाने पर कोई कागजात होना नही बताया जिसे थाना लाया गया। कागजात पेश करने का हिदायत दिया गया फिर भी कोई कागजात पेश नहीं किया गया,जिस सम्बन्ध मे अग्रिम कार्यवाही हेतु ट्रेक्टर कमांक यूपी/20/बीएफ/1658 एवं यूपी/57 /एसी /4811 में लदी इमारती एवं ट्रैक्टर चालक को वन विभाग के सुपुर्द किया गया है,वन विभाग द्वारा दोनों मामले मे जांच कार्यवाही किया जा रहा है।



सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी बतौली उप निरीक्षक सी.पी. तिवारी,उप निरीक्षक सजय नाथ तिवारी,सहायक उप निरीक्षक नारायण सिंह,प्रधान आरक्षक फलेन्द्र पैकरा, छतपाल सिह,आरक्षक विजय सिह,सुल्तान अहमद,राजेश,भगलू राम,रामदेव,सतोष बरवा,हिमाशु पांडेय,दीपक,जोगी बडा, सैनिक आसन सकिय रहे।

## मैनपाट में महिलाओं का अंडर गारमेंट्स चोरी करने का वीडियो हो रहा वायरल

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

मैनपाट में महिलाओं के अंडर गारमेंट्स चोरी करने का मामला सामने आया है। अंडर गारमेंट्स चोरी करते एक युवक सीसीटीवी फुटेज में कैद हुआ है। पिछले दो सालों से मैनपाट के वेदांता स्किल डेवलपमेंट कॉर्पोरेशन के ट्रेनिंग सेंटर से लड़कियां और महिलाएं का अंडर गारमेंट्स चोर होने की बात सामने आ रही थीं। परेशान होकर ट्रेनिंग सेंटर प्रबंधन ने सीसीटीवी कैमरे लगवाए। शनिवार शाम अंडर गारमेंट्स की चोरी करते हुए युवक कैमरे में कैद हो गया। मामले की शिकायत कमलेश्वरपुर थाने में दर्ज कराई गई है। जानकारी के अनुसार मैनपाट के रोपाखार में वेदांता की ओर से संचालित स्किल डेवलपमेंट कॉरपोरेशन के तहत सिलाई का कार्य सिखाया जाता है। यहां हर 3 महीने के बैच में 45 से 50 युवतियां और महिलाएं सिलाई की ट्रेनिंग लेने के लिए आती हैं। पिछले 2 सालों में अलग-अलग बैच की युवतियों और महिलाओं ने मामले की शिकायत की। सिलाई सेंटर में रहने वाली महिलाओं और युवतियों को ट्रेनिंग के दौरान रहने की सुविधा भी दी जाती है। ट्रेनी नहाने के बाद कपड़े बाहर सुखाते हैं। सेंटर में अंडर गारमेंट्स की चोरी की शिकायतों को देखते हुए कुछ दिनों पहले सीसीटीवी कैमरे इंस्टॉल कराए गए थे। शनिवार को फिर से ट्रेनिंग सेंटर में युवतियों और महिलाओं के अंडर गारमेंट्स की चोरी हो गई। चोरी की शिकायत के बाद सीसीटीवी कैमरे के फुटेज की जांच की तो अंडर गारमेंट्स की चोरी करता एक युवक दिखा।

## हत्या के प्रयास के मामले मे आरोपी गिरफ्तार

- » थाना दरिमा पुलिस टीम द्वारा आरोपियों के विरुद्ध की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही...
- » गंभीर अपराधों मे पुलिस टीम द्वारा की जा रही लगातार सख्ती से कार्यवाही...
- » आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त लोहे का रॉड किया गया जप्त...

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025
(घटती-घटना)।

मामले का संछिप्त विवरण इस प्रकार हैं कि प्रार्थीया रविना सिंह साकिन नवगई दरिमा द्वारा दिनांक 18/05/25 कों थाना दरिमा आकर रिपोर्ट दर्ज कराई की प्रार्थीया के पिता लोग 02 भाई है जिनका जमीन का आपसी बटवारा हो गया है,कि घटना दिनांक 18/05/25 को प्रार्थीया का चाचा जीत सिंह प्रार्थीया के हिस्से मे लगे दरवाजा को सब्बल से निकालने लगा तब प्रार्थीया की माँ जीत सिंह को दरवाजा क्यों निकाल रहे हो बोली उसी बात से चाचा जीत सिंह आवेश मे आकर प्रार्थीया की माँ सुमित्रा सिंह को गाली-गलौज करते हुए जान से मारने की नीयत से सब्बल से सर मे गंभीर चोट कारित कर दिया है,जिससे प्रार्थीया की माँ मौक़े पर गिर गयी जिसे प्रार्थीया लोग इलाज हेतु अस्पताल ले गए है जो बेहोशी हालात मे है, प्रार्थीया की रिपोर्ट पर थाना दरिमा मे अपराध क्रमांक 66/25 धारा 109(1),296,351(3) बी. एन. एस. का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना मे लिया गया।




दौरान विवेचना पुलिस टीम द्वारा घटनास्थल का निरीक्षण कर प्रार्थीया एवं उसके रिस्तेदारो का कथन लेख किया गया,पुलिस टीम द्वारा मामले के आरोपी जीत सिंह को पकड़कर पूछताछ किया गया जो आरोपी द्वारा अपना नाम जीत सिंह आत्मज शिवनाथ सिंह उम्र 39 वर्ष साकिन नवगई थाना दरिमा का होना बताया,आरोपी से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर अपराध घटित किया जाना स्वीकार किया गया,पुलिस टीम द्वारा आरोपी के कब्जे से घटना मे प्रयुक्त लोहे का रॉड जप्त किया गया है,आरोपी के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से प्रकरण मे आरोपी को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

सम्पूर्ण कार्यवाही मे थाना प्रभारी दरिमा निरीक्षक भरत लाल साहू,सहायक उप निरीक्षक नेतराम पैकरा,आरक्षक जगेश्वर बघेल,संजीत माझी,अखिलेश यादव सक्रिय रहे।




CMYK

# शासकीय चावल हेरा फेरी किए जाने के मामले में दो आरोपी गिरफ्तार

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

शासकीय चावल की हेरा-फेरी के मामले में दर्द अपराध के आधार पर कमलेश्वर पर पुलिस ने दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने उनके खिलाफ कार्रवाई कर जेल दाखिल कर दिया है।

जानकारी के अनुसार खाद्य निरीक्षक मैनपाट नवीन सिंह ने 26 जुलाई 2024 को थाना कमलेश्वरपुर में रिपोर्ट दर्ज कराई थी। उसने पुलिस को बताया था कि शासकीय उचित मूल्य दुकान कलजीवा के संचालक/विक्रेता बलराम केरकेट्टा एंव समिति की उपाध्यक्ष जलसो पन्ना द्वारा माह अप्रैल एंव मई 2024 का खाद्यान वितरण के दौरान 17 राशन कार्ड



धारियों को 1 माह का ही चावल प्रदाय किया है। परन्तु आनलाईन में 2 माह का चावल जारी किया गया है। शासकीय सम्पति खाद्यान सामग्री चावल का अफरातफरी कर फर्जी तरिका से गबन करना पाया गया है। रिपोर्ट के आधार पर पुलिस मामले की विवेचना कर रही थी। विवेचना के दौरान पुलिस ने बलराम केरकेटटा पिता लाल साय केरकेटटा उम्र 46 वर्ष निवासी कलजीबा जंगलीजोबा थाना कमलेश्वरपुर व जलसो पन्ना पति मेश पन्ना उम्र 32 वर्ष निवासी मालतीपुर जंगलीजोबा थाना कमलेश्वरपुर को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धारा 420,409,34 एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत कार्रवाई कर जय दाखिल कर दिया है।



## जिले के थाना/चौकियो मे 75 प्रकरणों मे जप्त 2131 लीटर शराब का किया गया नष्टीकरण

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025(घटती-घटना)।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक सरगुजा श्री राजेश कुमार अग्रवाल (भा.पु.से.) के दिशा निर्देशन मे जिला मुख्यालय समेत थाना/चौकी प्रभारियों को जप्त शराब के सम्बन्ध मे माननीय न्यायालय से निर्णय उपरांत दिये गये निर्णय के आदेशानुसार जप्त शराब को नियमानुसार नष्टीकरण किये जाने के निर्देश दिए गए थे,इसी क्रम मे सम्बंधित थानो मे विभिन्न प्रकरणों में जप्तशुदा शराब को राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के उपस्थिति मे नष्टिकरण की कार्यवाही की गई।

» जप्त शराब के सम्बन्ध मे माननीय न्यायालय से निर्णय उपरांत की गई नष्टीकरण की कार्यवाही

» गठित समिति के उपस्थिति मे नष्टिकरण की कार्यवाही कर फोटोग्राफी/विडिओग्राफी की गई...

सरगुजा जिला मुख्यालय सहित अन्य थाना/चौकियो मे समय समय पर शराब नष्टीकरण की कार्यवाही की जाती है, जप्त शराब थाना/चौकी में रखे होने से बहुत सारी जगह अनावश्यक घेरी हुई थी,जिसके निराकरण किये जाने हेतु थाना/चौकी प्रभारियों कों निर्देशित किया गया था,उक्त निर्देश के परिपालन में जिला मुख्यालय सहित थाना/चौकी प्रभारियों द्वारा नष्टीकरण समिति जिसमे नगर पुलिस अधीक्षक अंबिकापुर, जिला आबकारी अधिकारी अंबिकापुर,अनुविभागीय अधिकारी (रा) अंबिकापुर,थाना प्रभारी अंबिकापुर/मणिपुर,तहसीलदार अंबिकापुर के उपस्थिति मे जप्त शराब के नस्टीकरण की कार्यवाही की गई,थाना धौरपुर द्वारा 06 प्रकरण मे 117 लीटर थाना उदयपुर द्वारा 11 प्रकरण मे 153 लीटर, थाना लखनपुर द्वारा 06 प्रकरण मे 103 लीटर,थाना गांधीनगर द्वारा 28 प्रकरण मे 1093 लीटर,थाना अंबिकापुर द्वारा 08 प्रकरणों मे 126 लीटर, थाना मणिपुर द्वारा 11 प्रकरण मे 160 लीटर,थाना दरिमा द्वारा 04 प्रकरण मे 326 लीटर,चौकी रघुनाथपुर द्वारा 01 प्रकरण मे 53 लीटर नस्टीकरण किया गया हैं कुल 75 प्रकरणों मे 2131 लीटर शराब कों राजपत्रित पुलिस अधिकारियो के देखरेख मे नस्टीकरण किया गया।

## पास्को एक्ट,टोनही प्रताड़ना के दुष्परिणम की दी गई जानकारी

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

मणिपुर पुलिस द्वारा ग्राम थोर में चलित थाने का आयोजन किया गया। चलित थाना में ग्रामीणों को महिला सशक्तीकरण के बारे मे विस्तार से जानकारी दी गई, सामाजिक एवं धार्मिक कार्यक्रमों में ध्वनि विस्तारक यंत्रो डीजे सिस्टम बिना वैध अनुमति के बजाने से मना किया गया साथ ही अनुमति पश्चात निर्धारित समय तक बजाने के संबंध में अवगत कराया गया। चलित थाना कार्यक्रम के दौरान थाना प्रभारी मणिपुर उप निरीक्षक अखिलेश सिंह द्वारा नवीन क़ानून भारतीय न्याय संहिता,भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता,भारतीय साक्ष्य अधिनियम के बारे में बता कर नागरिकों को जागरूक किया गया। महिलाओं एवं बच्चों से संबंधित अपराध पोक्सो एक्ट,टोनही प्रताड़ना के बारे मे विस्तार से बताकर जागरूक किया गया। ग्रामीणों को यातायात के नियम, नशे के दुष्परिणाम,सायबर अपराध ऑनलाइन ठगी के बारे मे बताकर विस्तार से चर्चा की गई,बाहरी अनजान व्यक्तियों से वित्तीय लेनदेन मे सतर्कता बरतने की बात बताई गई। इस दौरान सहायक उप निरीक्षक अनिल पाण्डेय,प्रधान आरक्षक सतीश सिंह,महिला प्रधान आरक्षक मालती तिवारी,महिला आरक्षक नीलम यादव,सैनिक दिनेश यादव व ग्रामीण उपस्थित रहे।

## दो ट्रैक्टर अवैध इमारत की लकड़ी भरे 2 ट्रैक्टर जब्त

- संवाददाता -
अंबिकापुर, 18 मई 2025 (घटती-घटना)।

बतौली पुलिस ने अवैध ईमारती लकड़ी से भरे 2 ट्रैक्टर जब्त कर वन विभाग को सुपुर्द कर दिया है। बतौली पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि यूपी नंबर के ट्रेक्टर में कुछ लोग चिरगा मोड़ एवं ग्राम देवरी मे ईमारती लकड़ी भर कर ले जा रहे हैं। पुलिस मौके पर पहुंच कर टेक्टर क्रमांक यूपी 20 बीएफ 1658 एवं यूपी 57 एसी 4811 को रोककर ट्रैक्टर के ड्राइवर से पूछताछ किया गया जो अपना नाम सरफराज अली पिता अकबर 47 वर्ष साकिन रेहरा थाना हिमपुर जिला बिजनौर उत्तर प्रदेश एवं मो. वासिफ पिता मो. आबीद उम्र 30 वर्ष निवासी मासवी पट्टी थाना भवन जिला शामली उत्तरप्रदेश का होना बताया। दोनों ट्रेक्टर में हरा अवैध लकड़ी पाया गया। पुलिस ने ट्रैक्टर सहित अवैध लकड़ी वह दोनों आरोपियों को वन विभाग को सुपुर्द कर दिया है।

## बारातियों से भरी बस पलटने से घायल ग्रामीण की मौत

- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर-रामानुजगंज जिले के शंकरगढ़ से बारातियों को लेकर जा रही बस गुरुवार की दोपहर अनियंत्रित होकर पहाड़ से पलट गई थी। हादसे में घायल एक और ग्रामीण की मौत इलाज के दौरान हो गई। इससे हादसे में मृत्यु की संख्या बढ़कर कुल चार हो गई। जबकि अन्य लोगों का इलाज अभी भी जारी है।

जानकारी के अनुसार शंकरगढ़ के बेलकोना निवासी एक युवक की शादी झारखंड के भंडरिया में तय हुई थी। गुरुवार की सुबह दूल्हे के घर से बस में बारात निकली थी। बस में 70-80 बाराती सवार होकर झारखंड जाने निकले थे। बस चांदो थाना क्षेत्र के कंठी घाट के पास पहुंची ही थी कि



चालक ने नियंत्रण खो दिया और बस पहाड़ से करीब 50 फीट नीचे गिर गई थी। हादसे में महिला व मासूम बच्चा समेत 3 लोगों की मौत हो गई थी। वहीं 53 घायलों में 7 को गंभीर चोटें आई थी। एंबुलेंस की मदद से सभी को बलरामपुर जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया था। यहां से 7 गंभीर घायलों को मेडिकल कॉलेज अस्पताल अंबिकापुर के लिए रेफर कर दिया गया था। जिसमें गंभीर रूप से घायल शंकरगढ़ थाना क्षेत्र के ग्राम धार नगर निवासी 60 वर्षीय नेहरू राम की मौत मेडिकल कॉलेज अस्पताल में हो गई। इससे मृत्यु की संख्या कुल चार हो गई। जबकि अन्य का इजाजत चल रहा है।

## सार्वजानिक वितरण प्रणाली राशन दुकान से चावल की अफरातफरी कर गबन करने के मामले मे 02 आरोपी गिरफ्तार

» थाना कमलेश्वरपुर पुलिस टीम द्वारा मामले मे की गई सख्त वैधानिक कार्यवाही

» आरोपियों द्वारा हितग्राहियो के राशन को गबन कर घटना को दिया गया था अंज़ाम

» आरोपियों के विरुद्ध धारा 420,409,34 भा. द. वि. एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 के तहत की गई कार्यवाही

» पुलिस टीम द्वारा सार्वजानिक वितरण प्रणाली का संधारण पंजी किया गया बरामद




- संवाददाता -
अंबिकापुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

मामले का संक्षिप्त विवरण इस प्रकार है प्रार्थी नवीन सिंह खादय निरीक्षक मैनपाट जिला सरगुजा द्वारा दिनांक 26/07/24 को थाना कमलेश्वरपुर आकर रिपोर्ट दर्ज कराये कि शासकीय उचित मूल्य दुकान कलजीवा के संचालक/विक्रेता बलराम केरकेट्टा एंव समिति की उपाध्यक्ष जलसो पन्ना द्वारा माह अप्रैल एंव मई 2024 का खाद्यान वितरण के दौरान 17 राशन कार्ड धारियों को 01 माह का ही चावल प्रदाय किया गया परन्तु आनलाईन में 02 माह का चावल जारी किया जा कर शासकीय सम्पति खाद्यान सामग्री चावल का अफरातफरी कर फर्जी तरिका से गबन करना पाया गया है। मामले मे प्रार्थी की रिपोर्ट पर थाना कमलेश्वरपुर मे अपराध क्रमांक 67/24 धारा 420,409,34 भा. द. वि. एवं आवश्यक वस्तु अधिनियम की धारा 3,7 का अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया।

विवेचना के दौरान प्रार्थी गवाहों का कथन घटना स्थल निरीक्षण कर खादय निरीक्षक द्वारा प्रस्तुत मौका जांच प्रतिवेदन के आधार पर आरोपियों को तलब कर पुछताछ किया गया जो आरोपियों द्वारा अपना नाम (01) बलराम केरकेटटा आत्मज लाल साय केरकेटटा उम्र 46 वर्ष साकिन कलजीबा जंगलीजोबा थाना कमलेश्वरपुर (02)जलसो पन्ना पति मेश पन्ना उम्र 32 वर्ष साकिन मालतीपुर जंगलीजोबा थाना कमलेश्वरपुर का होना बताये,आरोपियों से घटना के सम्बन्ध मे पूछताछ किये जाने पर बताये की वर्ष 2019 से ग्राम पंचायत कलजीबा का शासन द्वारा संचालित सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्राप्त खाद्यान सुरक्षा पोषण सामग्री का पंचायत की ओर से गठित समिति का संचालन कर खादय सामग्री संबंधित कार्यवाही के दौरान पंजियो का संधारण एवं वितरण पंजी में इन्द्राज पावती प्राप्त करना बताया है, तथा माह अप्रैल का सम्पूर्ण हितग्राहियों को राशन देना एवं माह मई के 17 हितग्राही का राशन वितरण नहीं करना एवं पावती वितरण रजिस्टर में प्राप्त करना बताते हुए वितरण का संधारण पंजी बरामद कराते हुए गबन किया हुआ गबन किये हुए चावल को खाने पीने में खर्च होना बताया गया है, आरोपियों द्वारा घटना कारित किया जाना स्वीकार किये जाने पर आरोपियों के विरुद्ध अपराध सबूत पाए जाने से आरोपियों को प्रकरण मे गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया जाता है।

सम्पूर्ण कार्यवाही में थाना प्रभारी कमलेश्वरपुर उप निरीक्षक नवल किशोर दुबे,सहायक उप निरीक्षक डेविड मिंज,प्रधान आरक्षक अखिलेश्वर भगत,आरक्षक राम प्रसाद निकुंज,लुकन साय कुजूर, मनोरथ यादव,धनेश्वर पैकरा,अमित मिज,सूरज राठिया सक्रिय रहे।

# हितग्राहियों को नहीं मिला आज तक भुगतान,आखिर NRC केंद्र की व्यवस्था पर क्यों उठ रहे सवाल ?

- संवाददाता -
राजपुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

बलरामपुर जिले के राजपुर ब्लॉक स्थित कुपोषण पुनर्वास केंद्र (एनआरसी) में हितग्राहियों का भुगतान वर्षों से लंबित पड़ा है। लंबित होने की वजह से लाभार्थियों में गहरी नाराज़गी और असंतोष देखा जा रहा है। जिन माताओं ने अपने बच्चों को गंभीर कुपोषण की स्थिति में केंद्र में भर्ती कराया और सप्ताहों तक वहीं रहकर इलाज कराया,उन्हें अब तक तय मानदेय या सहयोग राशि नहीं मिली है।

आपको बता दें कि छत्तीसगढ़ में वर्ष 2010 से 2014 के बीच राज्यव्यापी स्तर पर एनआरसीएस की स्थापना की गई थी। इसके लिए रायपुर स्थित एआईआईएमएस में एक स्मार्ट यूनिट भी कार्यरत है,जहां गंभीर रूप से कुपोषित बच्चों को उन्नत उपचार दिया जाता है। बावजूद इसके,जिला और ब्लॉक स्तर पर ऐसे केंद्रों की व्यवस्थाओं में लगातार लापरवाही की खबरें सामने आ रही हैं। इन केंद्रों का उद्देश्य बच्चों को समुचित चिकित्सकीय देखभाल, विशेष पोषण आहार (जैसे एफ-75, एफ-100) तथा माताओं को पोषण संबंधी परामर्श देना है। एनआरसीएस का संचालन जिला और ब्लॉक स्तर पर किया जाता है, जहां बच्चों को एक निर्धारित




अवधि तक रखकर गहन निगरानी की जाती है।

### राजपुर ब्लॉक में रहने वाली कुछ महिला हितग्राहियों को नहीं मिला है (एनआरसी) मंद का भुगतान

प्राप्त जानकारी के अनुसार राजपुर ब्लॉक के कुछ हितग्राहियों का कहना है कि वे बच्चों के इलाज के दौरान आर्थिक रूप से भी काफी परेशान हुए हैं, लेकिन अब तक सरकार की ओर से निर्धारित राशि न मिलने के कारण उनकी समस्याएं और बढ़ गई हैं। भुगतान की उनका कहना है उनकी फाइलें वर्षों से लंबित हैं,उनका कहना है कि अधिकारियों से बार-बार गुहार लगाने के बावजूद उन्हें मिलने नहीं राशी की भुगतान आज तक नहीं मिल पाया है।

विदित हो की पोषण पुनर्वास केंद्र में भर्ती होने की दशा में बच्चे के साथ अटेंडर के रूप में आए उसके एक परिजन को भी शासन की तरफ से भोजन तथा 15 दिन तक 150 रूपये प्रतिदिन के आधार पर सहायता राशि दिया जाना सुनिश्चित है। बावजूद इसके राजपुर के कुछमहिला हितग्राहियों को लाभ नहीं मिल पाया है।

राजपुर ब्लॉक के (एनआरसी) पुनर्वास केंद्र में कार्यरत एक विभागीय कर्मचारी से पूछने पर उनके द्वारा बताया गया कि दिनांक 1/10/2023 से 31/03/2024 तक कुल पात्र हितग्राही 120 हैं, जिसमे 92 हितग्राहियों को भुगतान प्राप्त हो चुका है वर्तमान में 29 हितग्राहियों का भुगतान लंबित है। वहीं दिनांक 01/04/2024 से 31/03/2025 तक कुल पात्र हितग्राही 140 हैं उनमें भुगतान प्राप्त हितग्राही 118 हैं 22 हितग्राहियों का भुगतान लंबित है। इसकी जानकारी हमारे कार्यालय की ओर से बलरामपुर जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय को लिखित में अवगत कराया कराया जा चुका है। यह अब उनकी जवाबदारी है कि प्रदेश में उनके द्वारा शेष बचे महिलाओं को दी जाने वाली राशि की मांग प्रदेश स्वास्थ्य मंत्रालय से की गई है नही की है। उन्होंने कहा कि जैसे हमारे(एनआरसी) केंद्र में

(एनआरसी) मंद से मिलने वाली राशि आएगी शेष बचे महिला हितग्राहियों का भुगतान कर दिया जाएगा। उन्हें कार्यालयों के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं होगी।

स्थानीय स्तर पर प्रशासन की उदासीनता को लेकर भी सवाल उठ रहे हैं। स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी जहां फंड की अनुपलब्धता का हवाला दे रहे हैं,वहीं ग्रामीण महिलाओं का कहना है कि अगर समय रहते सहायता न मिले तो वे भविष्य में केंद्र में बच्चों को भर्ती कराने से हिचकेंगी।

### क्या कहते हैं जिम्मेदार ?

राजपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. राम प्रसाद तिर्की के द्वारा बताया गया कि एनआरसी मद से फल खाना, इत्यादि के लिए जिला को लिखित में मांग किया गया है।जिला से जब आ जाएगा सभी हितग्राहियों का भुगतान कर दिया जाएगा।

### मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. बसंत कुमार नेमोबाइल पर कहा...

मुख्य जिला स्वास्थ्य अधिकारी बसंत कुमार ने बताया कि फरवरी-मार्च 2025 से फंड नहीं आया है आयेगा तो भुगतान किया जाएगा। वहीं वर्ष 2023 से 2025 के भुगतान के लिए उनसे सवाल किया गया तो उनके द्वारा कहा गया कि पता करके बताता हूं,भुगतान कब से नहीं आया है। लेकिन काफी समय बीत जाने के बावजूद उनके द्वारा ना ही कोई भी स्पष्ट जवाब नहीं दिया गया। तो इसे क्या समझा जाए?

### तो क्या स्वास्थ्य मंत्रालय पर सवाल उठना स्वाभाविक है ?

क्या (एनआरसी) पुनर्वास केंद्र के कर्मचारी की बातों को माने तो यह समझा जय की स्वास्थ्य मंत्रालय से (एनआरसी) मंद से मिलने वाली राशि स्वास्थ मंत्रालय से नहीं आ रहा है. या स्वास्थ्य मंत्रालय से आने वाली (एनआरसी) मंद की राशि जिला स्वास्थ्य अधिकारी के कार्यालय में कही दफन कर दबा दिया गया है?

# खस्ताहाल सड़क को लेकर ग्रामीणों ने पीपरखार में किया चक्का जाम








- संवाददाता -
लखनपुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।

अमेरा खुली खदान अंतर्गत लखनपुर क्षेत्र के ग्राम पीपरखार में खस्ताहाल सड़क को लेकर 18 मई दिन रविवार को ग्रामीणों के द्वारा चक्का जाम करते हुए विरोध प्रदर्शन कर हड़ताल किया गया। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल सीसीएल महाप्रबंधक सहित प्रशासनिक अमला मौके पर पहुंचा और समझाइस के बाद चक्का जाम और हड़ताल समाप्त कराते हुए आवागमन बहाल किया गया। मिली जानकारी के मुताबिक नेशनल हाईवे 130 स्थित सिंगीटाना से पीपर खार होते हुए सीईसीएल अमेरा खदान तक सड़क में बड़े-बड़े गड्ढे और उड़ती धूल के गुबार और सड़क में पानी की छिड़काव नहीं होने से ग्रामीणों को काफी परेशानियों का सामना करना पड़ता था। ग्रामीणों ने कई बार एसईसीएल के अधिकारियों को सड़क बनाए जाने और पानी छिड़काव के लिए कहा लेकिन इस और ध्यान नहीं दिया गया। आक्रोषित ग्रामीणों ने एसईसीएल के खिलाफ आठ माह पूर्व भी चक्का जाम कर विरोध प्रदर्शन किया गया था। अंबिकापुर विधायक राजेश अग्रवाल ने इसका समर्थन किया था। एसईसीएल के अधिकारियों ने जल्द सड़क बनाई जाने का आश्वासन दिया था परंतु एनएच 130 स्थित सिंगीटाना से पीपर खार तक आधा अधूरा सड़क बनाकर छोड़ दिया गया। पीपरखार के ग्रामीणों ने दो दिन 17 व 18 मई दिन रविवार को सुबह 11 बजे से चक्का जामकर विरोध प्रदर्शन किया जा रहा था। सूचना मिलते ही क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल एसईसीएल बिश्रामपुर छेत्र महाप्रबंधक डॉक्टर संजय कुमार सिंह प्रशासनिक टीम मौके पर पहुंची और विधायक राजेश अग्रवाल ने समझाइए देते हुए कहा कि सड़क का टेंडर हो गया है 2 महीने के बाद सड़क का निर्माण, स्ट्रीट लाइट निर्माण एसईसीएल के द्वारा कराया जाएगा। इसके बाद ग्रामीणों ने चक्का जाम समाप्त किया और आवागमन बहाल हुआ। क्षेत्रीय विधायक राजेश अग्रवाल ने मीडिया से चर्चा करते हुए बताएं कि सड़क निर्माण का टेंडर हो चुका है जल्दी निर्माण कार्य चालू कराया जाएगा वहीं ग्रामीणों के द्वारा सामुदायिक भवन,अहाता निर्माण शौचालय निर्माण,बोर,रजपुरी कला से एसईसीएल अमेरा तक सड़क निर्माण कार्य सहित अन्य छोटी छोटी मांगे थी एसईसीएल बिश्रामपुर क्षेत्र के महाप्रबंधक के द्वारा जल्द से जल्द इन मांगों को पूरा करने का आश्वासन दिया है। साथी उन्होंने कहा कि तय समय सीमा तक अगर सड़क का निर्माण नहीं किया जाता है तो गांव वालों के साथ मिलकर एसईसीएल के खिलाफ प्रदर्शन किया जाएगा। इस दौरान विधायक प्रतिनिधि राहुल अग्रवाल, राकेश अग्रवाल,मंडल अध्यक्ष दिनेश बारी, सरपंच सियांबर,विफल राम, घरबरन राजवाड़े,नायब तहसीलदार उमेश तिवारी थाना प्रभारी शशिकांत सिन्हा और सैकड़ो की संख्या में ग्रामीणजन मौजूद रहे।

# दो पार्टनर,दोनों के कंपनी का नाम एक और पता अलग...

- रायपुर वाले पार्टनर ने जेम पोर्टल में डाला था किंतु उसे जेम में रिजेक्ट बाय सेलर कर दिया गया था...
- ऐसी स्थिति में उस फर्म के द्वारा किया जाने वाला दावे का सवाल ही नहीं उठता टेंडर में...कार्य किया दंतेवाड़ा वाले पार्टनर ने...
- ऑफलाइन आदेश से दंतेवाड़ा वाले पार्टनर ने पूरा किया काम और उसे ही हुआ भुगतान...
- पहले पार्टनर तत्कालीन सीएमएचओ सहित अन्य के विरुद्ध जानकारी छुपा कर की शिकायत दर्ज हुआ एफआईआरः डॉ. रनसाय सिंह
- तत्कालीन सीएमएचओ ने पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को आवेदन प्रस्तुत कर दी पूरी जानकारी और निष्पक्ष जांच करने की मांग...
- तत्कालीन सीएमएचओ ने शिकायत कर बताया कि ऑक्सीजन प्लांट का भुग़तान काम करने वाले कंपनी को ही हुआ है...
- क्या जानकारी छुपा कर रायपुर वाले पार्टनर ने तत्कालीन सीएमएचओ सहित कर्मचारियों को फसाने का किया प्रयास ?

## क्या दो पार्टनर की आपसी लड़ाई में सूरजपुर स्वास्थ्य विभाग एफआईआर की चक्कर में बेवजह फंसा ?




घटती घटना | अम्बिकापुर,सोमवार 12 मई 2025 | 5

कोविड में ऑक्सीजन प्लांट लगाने वाले को भुगतान न करके उससे मिलते-जुलते नाम वाले को भुगतान मामले में...

तत्कालीन सीएमएचओ सहित पांच के खिलाफ धोखाधड़ी का अपराध दर्ज

-ओंकार पाण्डेय-
सूरजपुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।
तत्कालीन सीएमएचओ सहित पांच के खिलाफ केंद्रीकृत ऑक्सीजन प्लांट स्थापना मामले के भुगतान को लेकर एफआईआर दर्ज हुआ था,अब उसे मामले में एक नया ही मोड़ ले लिया है इस मामले में नया मोड़ तब आया जब तत्कालीन सीएमएचओ ने चार पेज की शिकायत पुलिस अधीक्षक सूरजपुर व महानिरीक्षक सरगुजा को की,उसमें उन्होंने बताया कि भुगतान उसी को हुआ है जिसने केंद्रीकृत ऑक्सीजन प्लांट की स्थापना की है जानकारी छुपा कर की गई शिकायत की वजह से आज सही तथ्य छुप गया है और एफआईआर दर्ज कर ली गई है जिसकी निष्पक्षता से जांच करना अति आवश्यक है, यदि तत्कालीन सीएमएचओ की शिकायत पर गौर किया जाए तो एक बहुत उलझने वाला मामला हो गया है,यूनिक इंडिया कंपनी एक फर्म का नाम है उक्त नाम के फर्म दो जगह पर संचालित होती है,एक फर्म रायपुर का है जिसके मलिक जयंत चौधरी है वही यूनिक इंडिया कंपनी दंतेवाड़ा फर्म है जिसका मालिक आशीष कुमार बोस बताया जाता है,कंपनी का नाम एक है पर दोनों का पता अलग है और दो पता के मालिक का नाम भी अलग-अलग है, रायपुर वाले पता का मालिक जयंत चौधरी है तो वही दंतेवाड़ा वाले फर्म का मालिक आशीष कुमार बोस है,दोनों पार्टनर भी हैं ऐसा सूत्रों का कहना है,अब इस मामले में पेंच यहां पर फंसा की रायपुर वाले कंपनी ने जेम पोर्टल में टेंडर डाला और उसे कार्य आदेश भी मिल गया पर समय अवधि पर उसने प्लांट की स्थापना नहीं की, जिस वजह नियमो व शर्तो का पालन न होने के कारण वह टेंडर निरस्त हो गया,इसके बाद ऑफलाइन आदेश दिया गया गया और ऑक्सीजन की कमी को देखते हुए यह काम दंतेवाड़ा वाले यूनिक इंडिया कंपनी के प्रोपराइटर आशीष कुमार बॉस को दे दिया गया,जिन्होंने इस प्लांट की स्थापना की और उसे यह भुगतान कर दिया गया। रायपुर वाले ने इस बीच सूरजपुर जिले में आकर किसी भी अधिकारी से संपर्क नहीं किया और वह अपने क्षेत्र में बैठे रहे ना ही उन्होंने कोई सामान उपलब्ध कराया और नहीं उसे समान को उन्होंने कोई भुगतान किया, पर जब यह भुगतान दंतेवाड़ा वाले को हो गया उसके बाद रायपुर वाले ने अपने कार्य आदेश का हवाला देते हुए झूठा आरोप लगाया कि कार्य आदेश मुझे मिला था और भुगतान किसी और को कर दिया गया,जिसके बाद पुलिस ने अपराध दर्ज कर लिया और यह मामला काफी तेजी से तूल पकड़ लिया,अब एफआईआर होने के बाद जब तत्कालीन सीएमएचओ ने पूरे पिक्चर से पर्दा उठाने के लिए पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को शिकायत की दस्तावेजों के साथ तब पता चला कि यह दो पार्टनरों की आपसी लड़ाई में सूरजपुर स्वास्थ्य विभाग को कटघरे में खड़ा कर दिया है। अब यह विषय पुलिस के लिए भी जांच का विषय बन गया है और अब पुलिस को यह पता करना है की शिकायत किसकी सही है रायपुर वाले यूनिक इंडिया कंपनी के प्रोपराइटर जयंत चौधरी की या फिर तत्कालीन सीएमएचओ सूरजपुर की।

### वर्तमान सीएमएचओ के पत्र के बाद उलझा मामला

इस मामले में सीएमएचओ डॉ. केडी पैकरा ने 24 सितम्बर 2024 को एक पत्र यूनिक इंडिया कंपनी दंतेवाड़ा के प्रोपराईटर आशीष कुमार बोस को भेजते हुए उल्लेख किया गया कि 81 लाख 85 हजार 881 रूपए का भुगतान त्रुटिवश उनके फर्म में हो गया है। जबकि यह भुगतान जयंत चौधरी की फर्म यूनिक इंडिया कंपनी को करना था। सीएमएचओ के द्वारा जारी पत्र में आशीष कुमार बोस से उक्त राशि को तत्काल स्वास्थ्य विभाग के खाते में जमा कराने का निर्देश दिया गया जिसके बाद मामला उलझ गया।

### क्या जयंत चौधरी व आशीष बोस थे पार्टनर ?

इस मामले में यह भी जानकारी लगी है कि शिकायतकर्ता जयंत चौधरी तथा अशीष कुमार बोस दोनों ही भागीदार थे और दोनों की ही फर्म का नाम एक ही है। संभवतः आपसी विवाद व लेनदेन में हुई गफलत के कारण ये शिकायत की गई है। जयंत चौधरी के द्वारा अगर 2021 में कार्य किया गया होता तो 2024 तक तीन वर्षो के अंतराल में उनके द्वारा भुगतान के लिए कोई भी पत्राचार नहीं किया गया, बल्कि जेम पोर्टल से उनकी निरस्त निविदा को हटाने के लिए उन्होंने 2024 में पत्र लिखा।

### क्या जानकारी लिए बिना हुआ एफआईआर ?

क्या बिना जानकारी ही एफआईआर दर्ज कर लिया गया यह सवाल इसलिए उठ रहा है क्योंकि पूर्व सीएमएचओ की शिकायत के अनुसार मामला अब कुछ अलग ही लगने लगा है,इस संबंध में जिले के पूर्व सीएमएचओ व बाल रोग विशेषज्ञ वरिष्ठ चिकित्सक डॉ. आरएस सिंह कहना है था की वैश्विक महामारी कोविड में पीड़ितों की जीवन रक्षा के लिए अपने जीवन की परवाह किए बगैर लोगों के जीवन को सुरक्षित रखने हेतु उच्चाधिकारियों के दिशा निर्देश पर पूर्ण जवाबदेही से उनके द्वारा काम किया गया है। कोई भी ऐसा कार्य नहीं किया गया है, जो अपराध की श्रेणी में आता हो। कोविड के दौरान सूरजपुर जिला चिकित्सालय में अन्य जिलों से लोग यहां आकर भर्ती ही रहे थे। उस परिस्थिति में उपरोक्त प्रकरण में निष्पक्ष जांच किए बगैर तथ्यात्मक जानकारी लिए बिना संदर्भित एफआईआर दर्ज कर दी गई है, जो विधि संगत नहीं है। उन्होंने इस मामले में आला अधिकारियों से दस्तावेजों का अवलोकन कर दर्ज अपराधिक मामले को निरस्त करने की मांग की है।

## वैश्विक महामारी कोविड से पहले स्थापित होना था केंद्रीकृत ऑक्सीजन प्लांट

वर्ष 2018 में ही केंद्रीकृत ऑक्सीजन प्लांट को सूरजपुर के जिला चिकित्सालय में स्थापित करने के लिए पैसे की स्वीकृति हो गई थी पर उसे समय भी एक बार टेंडर निरस्त हुआ और उस समय के तत्कालीन सीएमएचओ ने इस ऑक्सीजन प्लांट को स्थापना के लिए उस पैसे को सुरक्षित रखें किसी बीच कोविड महामारी आ गई और ऑक्सीजन की जरूरत अधिक पड़ने लगी जिसे देखते हुए तत्काल जेम पोर्टल में इसके लिए निविदा आमंत्रित किया गया। यूनिक इंडिया कंपनी रायपुर को यह कर आदेश जारी हो गया पर यह कंपनी के द्वारा टेंडर को रिजेक्ट बाय सेलर कर रिजेक्ट कर दिया गया था और कार्य नहीं कर पाया था जिससे अपने काम को स्थापित नहीं कर पाई जिस वजह से नियम व शर्तों के तहत स्वतः ही वह कर आदेश निरस्त हो गया। कार्यालय जिला पंचायत सूरजपुर द्वारा डीएमएफ योजनान्तर्गत प्रशासकीय स्वीकृति आदेश क्रमांक-447/डीएमएफ/जेडपी/2017-18/2017 सूरजपुर 23.04.2018 कार्य का नाम नवीन जिला चिकित्सालय सूरजपुर में केन्द्रीयकृत ऑक्सीजन प्लांट के स्थापना हेतु राशि रू 83 लाख रूपये की प्रशासकीय स्वीकृति आदेश प्रदान कर क्रियान्वन एजेंसी कार्यालय मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर को बनाया गया था। वैश्विक महामारी कोविड-19 के जिला सूरजपुर में अत्यधिक संक्रमण के उपचार एवं आवश्यकता को ध्यान में रखकर तात्कालीन कलेक्टर के निर्देशानुसार पर कार्य का जेम पोर्टल के माध्यम से 28.08.2021 टेण्डर आमंत्रित किया गया था। शिकायतकर्ता द्वारा दिनांक 28.08.2021 को उक्त ऑनलाईन टेण्डर में भाग लिया गया था। जिसकी वैधता 30 दिवस के लिए थी। उपरोक्त निविदा के नियमों के अनुसार उक्त कार्य 13.09.2021 से 28.09.2021 तक कार्य पूर्ण किया जाना था। निविदा के नियम एवं शर्तों के तहत कार्य पूर्ण नही होने की स्थिति में निविदा ही निरस्त हो जाना प्रावधानित था। जिससे स्पष्ट है कि शिकायतकर्ता जयंत चौधरी द्वारा जेम पोर्टल के माध्यम से टेण्डर में भाग लिया गया था व दिनांक 13.09.2021 को ही स्वयं स्वीकार नही करने से वहनिरस्त हो गई है। शिकायतकर्ता के द्वारा एक लिखित पत्र मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जिला सूरजपुर (छग) को दिनांक-16.01.2024 को प्रस्तुत कर अनुरोध किया गया था कि उक्त जेम आर्डर न. जीइएमसी-51168774 3933732 निविदा निरस्त कर दिया गया है उसे जेम पोर्टल में भी निरस्त कर दिया जावे, उपरोक्त दोनों दस्तावेज यह स्पष्ट करता है कि शिकायतकर्ता ने उपरोक्त स्वीकृत कार्य केन्द्रीयकृत ऑक्सीजन प्लांट जिला चिकित्सालय सूरजपुर में किया ही नही है। इस प्रकार शिकायतकर्ता के द्वारा मिथ्या आधारों पर राजनैतिक विद्वेशवश उक्त झूठी शिकायत की गई है।



### आईये जानते है क्या कहती है डॉ. रनसाय सिंह की शिकायत

डॉ. रनसाय सिंह ने बताया की शिकायतकर्ता के द्वारा न तो सामग्री प्रदाय की गई और न ही तीन वर्षों के बीते अंतराल में कभी भुगतान की मांग की गई, अपितु संबंधित यूनिक इंडिया कंपनी के जयंत चौधरी के द्वारा जेम पोर्टल पर आहूत हुई निविदा स्वीकार न करने पर स्वतः निरस्त हो गई और पोर्टल में लंबित दिखने के कारण उक्त निविदा को निरस्त करने और जेम पोर्टल से हटाने के लिए 16 जनवरी 2024 को आवेदक ने सीएमएचओ को पत्र लिखा। शिकायतकर्ता के द्वारा मथ्या व राजनीतिक साजिश तथा विद्वेषपूर्ण ढंग से वास्तविक तथ्यों को छिपाकर तत्कालीन सीएमएचओ को बदनाम करने के नियत से कार्रवाई किया गया है, पूर्व सीएमएचओ डॉ. आरएस सिंह की ओर से पुलिस महानिरीक्षक सरगुजा,कलेक्टर व पुलिस अधीक्षक सूरजपुर को पूरे मामले व प्रमाणित दस्तावेजों के साथ अभ्यावेदन प्रस्तुत कर प्रकरण खात्मा करने का अनुरोध किया गया है। जिस पर अधिकारियों ने गंभीरता से तथ्यों से अवगत होते हुए जांच अधिकारी को आवश्यक निर्देश भी दिया हैं।

## इस वजह से यूनिक इंडिया कंपनी रायपुर वाले जयंत का कार्य आदेश हुआ निरस्त

इस मामले में यह जानकारी लगी कि डीएमएफ योजना के तहत कोविड काल में केन्द्रीयकृत ऑक्सीजन प्लांट हेतु राशि स्वीकृत की गई थी। वैश्विक महामारी के समय जिले में अत्याधिक संक्रमण को ध्यान में रखते हुए 28 सितम्बर 2021 को जेम पोर्टल से टेण्डर आमंत्रित किया गया था जो 30 दिवस के लिए वैध था। नियम व शर्तों के तहत कार्य पूर्ण नहीं होने की स्थिति में निविदा स्वमेव ही निरस्त हो जाना प्रावधानित था। शिकायतकर्ता के द्वारा 13 सितम्बर को उक्त निविदा स्वयं निरस्त कर दी गई। हालांकि उस दौरान कोविड काल में भण्डार एवं क्रय अधिनियम के तहत सभी नियमों को शिथिल कर दिया गया था तथा प्राकृतिक आपदा की विषम परिस्थितियों में बिना निविदा के ही आवश्यक महत्त्वपूर्ण कार्य कराए जाने के निर्देश थे। जिले में 100 बिस्तरीय अस्पताल के लिए ऑक्सीजन प्लांट हेतु मौखिक दिशा निर्देश प्रदान करने पर यूनिक इंडिया कंपनी दंतेवाड़ा को मैन्यूअल पद्धति से आक्सीजन प्लांट हेतु दूसरे फर्म को कार्यदिश जारी हुआ और उक्त आधार उनके द्वारा समय से कार्य भी पूर्ण कर लिया गया। जिसके उपरांत क्रय शाखा प्रभारी जेम्स बेक,स्टोर कीपर सकीरन दास,लेखा शाखा प्रभारी विजय कुमार सिन्हा तथा स्टोर ऑफिसर डॉ. अजय मरकाम द्वारा प्रस्तुत देयक एवं स्थापित प्लांट का सत्यापन कर विभागीय प्रक्रियाओं के पश्चात यूनिक इंडिया कंपनी दंतेवाड़ा को भुगतान किया गया। शिकायतकर्ता जयंत चौधरी के द्वारा की गई शिकायत के मामले में पुलसि के द्वारा अपराध तो दर्ज कर लिया गया है। वहीं दर्ज हुई एफआईआर को लेकर पूरे जिले में स्वास्थ्य महकमा चर्चा में बना हुआ है। बहरहाल तत्कालीन सीएमएचओ के द्वारा प्रस्तुत किए गए दस्तावेजों और वर्तमान सीएमएचओ के द्वारा जारी पत्र को लेकर पुलिस महकमा भी असमंजस की स्थिति में है।

## भाजपा पटना मण्डल महामंत्री बने सत्यम साहू



-संवाददाता-
कोरिया,18 मई 2025 (घटती-घटना)।
भारतीय जनता पार्टी कोरिया ने भाजपा मंडल पटना की कार्यकारिणी जारी की जिसमे मण्डल महामंत्री सत्यम साहू को बनाया गया।जिसकी जानकारी कार्यकर्ताओ को मिलते ही सोशल मीडिया फोन पर बधाई देने का सिलसिला शुरू हो गया व कार्यकर्ताओं व समर्थको में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।वही सत्यम साहू ने बताया कि मैंने अपनी राजनीति जीवन की शुरुवात भाजयुमो मण्डल महामंत्री पटना से की थी उसके पश्चात मुझे संगठन ने जिला उपाध्यक्ष का दायित्व सौंपा था व अब पुनः मुझे भाजपा मंडल महामंत्री का जिम्मेदारी मिला है। ऐसा सिर्फ भाजपा में ही सम्भव है भाजपा सभी कार्यकर्ताओं का सम्मान करती है मुझे गर्व होता है मैं विश्व की सबसी बड़ी पार्टी का सदस्य हु। मुझ पर संगठन ने विश्वास जताते हुए महत्वपूर्ण पद की जिम्मेदारी सौंपी है मैं पूरी मेहनत लगन के साथ अपनी जिम्मेदारी निभाऊंगा।

## ग्राम हर्राटिकरा एवं जयनगर क्षेत्र से रेत के अवैध परिवहन 02 वाहनों को किया गया जप्त



-संवाददाता-
सूरजपुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।
कलेक्टर एस जयवर्धन के निर्देशानुसार खनिज एवं पुलिस विभाग की संयुक्त कार्यवाही में ग्राम हर्राटिकरा एवं जयनगर क्षेत्र से खनिज रेत के अवैध परिवहन में संलिप्त कुल 02 वाहनों को जप्त किया गया। जिसमे सभी वाहनों को थाना जयनगर की अभिरक्षा में सुरक्षार्थ रखा गया है । सभी मालिकों के विरुद्ध खनिज नियमों के अंतर्गत कार्यवाही की जाएगी ।

## मनेंद्रगढ़ की विरासत पर न्याय का फैसला...अब कब्जा नहीं...विकास होगा



-संवाददाता-
मनेंद्रगढ़,18 मई 2025 (घटती-घटना)।
मनेंद्रगढ़ की बहुमूल्य ऐतिहासिक विरासत भूपेंद्र क्लब की भूमि पर वर्षों से कब्जा जमाए लोगों को न्यायिक चौखट से बड़ा झटका लगा है। प्रथम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश विवेक तिवारी की अदालत ने 16 मई को बेदखली नोटिस को पूरी तरह वैध ठहराते हुए 16 याचिकाकर्ताओं की दलीलें सिरे से खारिज कर दीं। इन कब्जाधारियों ने तहसीलदार द्वारा 17 अप्रैल को जारी नोटिस को चुनौती दी थी,लेकिन अदालत ने स्पष्ट किया कि यह भूमि भूपेंद्र क्लब के नाम पर वैध रूप से दर्ज है और उस पर अवैध कब्जा किसी भी दृष्टिकोण से मान्य नहीं हो सकता।तहसीलदार कार्यालय ने 22 अवैध कब्जाधारियों को अंतिम चेतावनी देते हुए 12 दिनों में भूमि खाली करने का निर्देश दिया था। नोटिस में यह भी स्पष्ट किया गया था कि यदि कब्जा न छोड़ा गया तो प्रशासनिक बल प्रयोग कर कार्रवाई की जाएगी, और निर्माण हटाने की जिम्मेदारी भी पूरी तरह से कब्जाधारियों की ही होगी।इनमें से 16 लोगों ने राहत पाने की उम्मीद में न्यायालय का दरवाजा खटखटाया पर अब कानून की मुहर तहसीलदार की कार्रवाई पर लग चुकी है।

### जनता की मांग

फैसले के बाद नागरिकों की स्पष्ट मांग है कि अब प्रशासन को कोई देरी किए बिना पूरी भूमि को अतिक्रमण से मुक्त कराकर उसका नियमानुसार उपयोग सुनिश्चित करना चाहिए। लोग मानते हैं कि इस ऐतिहासिक संपत्ति को पुनः क्लब के उद्देश्यों, सांस्कृतिक, शैक्षणिक और खेल गतिविधियों के लिए पुनर्जीवित किया जाना चाहिए।

### 1994 में कोर्ट के आदेश पर भूपेंद्र क्लब को सौंप दी गई...

राजा ने बेटे के नाम पर दिया था क्लब यह भूमि कोरिया रियासत के महाराजा रामानुज प्रताप सिंह जूदेव ने 1936 में अपने पुत्र भूपेंद्र सिंह के नाम पर दान की थी। भूपेंद्र क्लब को 30,000 वर्गफीट भूमि दी गई थी,जहां कभी शहर के सांस्कृतिक आयोजन,खेलकूद प्रतियोगिताएं और सामाजिक संवाद हुआ करते थे। 1981 में प्रशासनिक विवादों के कारण यह भूमि राजसात कर ली गई थी, लेकिन 1994 में कोर्ट के आदेश पर फिर से भूपेंद्र क्लब को सौंप दी गई। अफसोस कि तब से अब तक सरकारी उदासीनता और कब्जाधारियों की मिलीभगत के चलते इस भूमि का वास्तविक उपयोग ठप पड़ा रहा। भूपेंद्र क्लब की भूमि पर वर्षों से कुछ लोगों ने न सिर्फ कब्जा किया,बल्कि वहां अवैध निर्माण कर दुकानें बेच डालीं और आज भी वहां से प्रत्येक माह 20000 रुपए से भी से अधिक किराया वसूला जा रहा है।

### क्या ये फैसला केवल कब्जा हटाने की इजाजत नहीं,बल्कि यह संदेश है कि सार्वजनिक संपत्ति पर निजी कब्जा अब बर्दाश्त नहीं ?

जानकारी के अनुसार,इनमें से कुछ कब्जाधारियों ने हाल ही के वर्षों में यहां दुकानें खरीदी हैं यानी जमीन की अवैध बिक्री और पुनः कब्जा एक सुनियोजित प्रक्रिया बन चुकी थी। शहर का नुकसान- शासन को हर महीने लाखों का राजस्व घाटा, स्थानीय जानकारों का कहना है कि यदि प्रशासन इन 22 कब्जों को हटाकर यहां वैध रूप से दुकान निर्माण व आवंटन करे तो प्रति माह 1 लाख से अधिक राजस्व अर्जित किया जा सकता है,जो नगर के विकास, स्वच्छता और नागरिक सुविधाओं में लगाया जा सकता है। **सख्त संदेश**...न्यायालय का फैसला केवल कानूनी नहीं,नैतिक जीत भी यह फैसला केवल कब्जा हटाने की इजाजत नहीं,बल्कि यह संदेश है कि सार्वजनिक संपत्ति पर निजी कब्जा अब बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। शहरवासी उम्मीद कर रहे हैं कि प्रशासन अब निर्णायक कार्रवाई करेगा और वर्षों से दबे इस मामले को विरासत की गरिमा के साथ पुनर्जीवित करेगा।यह सिर्फ जमीन नहीं,हमारे शहर की आत्मा है और अब उसे पुनः जीवित करने का समय आ गया है।

# सरकार मना रही सुशासन तिहार इधर वर्षों बाद जोगिया ग्राम में लालटेन युग की शुरुवात

## दो सोलर प्लांट में एक की बैटरी साल भर से खराब,दूसरे ने भी तोड़ दिया दम,मिट्टी तेल भी मिलना बंद,ग्रामीणों को भारी परेशानी

-राजन पाण्डेय-

**कोरिया/ सोनहत,18 मई 2025 (घटती-घटना)।** कोरिया जिले और सूरजपुर की सीमा पर बसा सोनहत विकासखण्ड के ग्राम जोगिया में सौर ऊर्जा प्लांट खराब होने से रात्रि में अंधेरा छा गया है आलम है कि एक ओर जहां सरकार सुशासन तिहार मनाने में व्यस्त है वही दूसरी ओर इस ग्राम में वर्षों बाद लालटेन युग की शुरुवात हो गई है। लेकिन इसे कोढ़ में खाज की स्थिति ही कहे कि लालटेन युग की शुरआत भले हो गई लेकिन लालटेन जलाने केरोसिन भी उपलब्ध नही हो पा रहा है। ऐसे में ग्रामीण करे भी तो क्या उनके पास कोई विकल्प मौजूद नही है।


खराब सौर ऊर्जा प्लांट


कार्यवाही विवरण

| क्रम संख्या | स्थिति विवरण | कार्यवाही का विवरण | कार्यालय का नाम | पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | निराकृत | आवेदक द्वारा सोलर बैटरी बैंक स्थापना हेतु किए गए मांग का प्राक्कलन मय प्रस्ताव तैयार कर स्वीकृति हेतु उच्च कार्यालय प्रेषित किया गया है | जिला क्रेडा विभाग / 2201030052 | सहा अभि 120 |

ग्रामीण के आवेदन का निराकरण




### सौर ऊर्जा प्लांट की बैटरी साल भर से खराब

ग्रामीणों ने जानकारी देते हुए बताया कि जोगिया ग्राम में क्रेडा विभाग द्वारा सौर ऊर्जा के दो प्लांट स्थापित किये गए हैं जिनमे एक प्लांट की बैटरी पिछले एक से डेढ़ साल से खराब है,जबकि दूसरे प्लांट ने भी पिछले 1 माह से लगभग दम तोड़ दिया है जिससे महज आधे से 1 घण्टे तक बिजली जल पाती है और 7 से साढ़े 7 बजे के लगभग पूरा गांव अंधेरे में डूब जाता है।

### ग्रामीणों में बढ़ रहा आक्रोश

सौर ऊर्जा प्लांट खराब होने से ग्रामीणों में भारी आक्रोश का आलम निर्मित हो गया है ग्रामीणों ने बताया कि सुशासन तिहार में ग्राम के लोगो ने सौर ऊर्जा प्लांट की समस्या को लेकर आवेदन दिया था लेकिन कोई सुनवाई नही हुई, कागजो निराकरण कर आवेदन को निराकृत बता दिया गया ,यह कैसा सुशासन है जहां सिर्फ शिविर लगाए जा रहे पर निराकरण के नाम पर समस्याएं जस की तस हैं।

### नही बना प्लांट तो करेंगे आंदोलन

ग्राम जोगिया के ग्रामीणों ने कहा कि जल्द यदि सुधार कार्य नही किया गया तो ग्रामीण मजबूर होकर आंदोलन करने के लिए विवश होंगे, ग्रामीणों ने कहा कि हमने सत्ता पक्ष विपक्ष स्थानीय जनप्रतिनिधियों जिला पँचायत से लेकर जनपद पंचायत के नेताओ सभी को अवगत कराया है पर अभी तक कोई भी हमारी सुध लेने नही पहुचा है।

### क्या कहते हैं जनप्रतिनिधि


जोगिया ग्राम के सौर ऊर्जा प्लांट को बनाने के लिए सुशासन तिहार में आवेदन किया गया था साथ ही विभाग को मौखिक भी बताया गया है पर कोई निराकरण अभी तक नही हुआ है।

**बाबी भारती सरपंच ग्राम पंचायत कछाड़ी**


जोगिया ग्राम के सौर ऊर्जा प्लांट के खराब होने की जानकारी आपके माध्यम से मिली है , इसके लिए तत्काल विभाग के अधिकारियों से बात कर निराकरण कराने प्रयास किया जाएगा।

**संदीप जायसवाल**
**उपाध्यक्ष जनपद पंचायत,सोनहत**


क्रेडा कार्यालय में कल ही इसके लिए बात करूँगा साथ ही क्रेडा के मुख्य कार्यपालन अधिकारी रायपुर को पत्र भेज एवं मौखिक अवगत करा कर मांग की जाएगी,निराकरण नही होने की स्थिति में जन हित मे लोक तांत्रिक तरीके से आंदोलन किया जाएगा।

**जयचन्द सोनपाकर अधिवक्ता**
**कार्यकारी अध्यक्ष समाधान पंच**


सौर प्लांट खराब है इससे जोगिया के ग्रामीण परेशान है, पंच संघ प्लांट के सुधार कार्य और नई बैटरी की मांग हेतु जिलाधिकारी क्रेडा से मिल कर मांग करेगा,शीघ्र निराकरण नही होने पर आंदोलन किया जाएगा

**प्रेम सागर तिवारी**
**अध्यक्ष पंच संघ**

जोगिया में सौभाग्य योजना अंतर्गत सोलर प्लांट लगा था वर्तमान में प्लांट की बैटरी खराब होने से संयंत्र बन्द है । इसके लिए विभाग द्वारा उच्य कार्यालय को मांग पत्र भेज दिया गया है। नई बैटरी आते ही प्लांट में लगा कर कार्यशील कर दिया जायेगा।

**टीकम वर्मा ब्लॉक प्रभारी क्रेडा**

---

### सूरजपुर-प्रतापपुर में उठाईगीरों का आतंक बढ़ा

## महिलाओं को झांसा देकर सोने की चेन और अंगूठी लेकर फरार हुए ठग



-संवाददाता-

**सूरजपुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।** छत्तीसगढ़ के सूरजपुर जिले में उठाईगीरों का आतंक लगातार बढ़ता जा रहा है। ताजा मामलों में सूरजपुर और प्रतापपुर थाना क्षेत्र में दिनदहाड़े दो अलग-अलग घटनाओं में बुजुर्ग महिलाओं को ठगी का शिकार बनाया गया। आरोपियों ने बर्तन चमकाने और सोना-चांदी साफ करने का झांसा देकर घरों में प्रवेश किया और सोने की चेन एवं अंगूठी लेकर फरार हो गए।

पहली घटना सूरजपुर कोतवाली थाना क्षेत्र के केतकारोड स्थित मानपुर मोहल्ले की है,जहां दो युवकों ने पीतल और कांसे के बर्तन चमकाने का झांसा देकर एक बुजुर्ग महिला को फांस लिया। महिलाओं की आंखों में धूल झोंकते हुए उन्होंने बड़ी चालाकी से सोने की चेन निकाल ली और मौके से फरार हो गए। घटनास्थल पर लगे सीसीटीवी कैमरे में दोनों आरोपियों की तस्वीरें कैद हो गई हैं। फुटेज में दिख रहा है कि आरोपी नीले रंग की पल्सर मोटरसाइकिल से मौके से भागते हैं। दूसरी घटना प्रतापपुर थाना क्षेत्र की है,जहां इसी तरह की वारदात को अंजाम दिया गया। यहां भी ठगों ने बर्तन व आभूषण चमकाने का बहाना बनाकर महिला से सोने की चेन और अंगूठी उतरवा ली और कुछ ही देर में गायब हो गए। इस वारदात में भी आरोपियों की तस्वीरें पास के सीसीटीवी कैमरे में दर्ज हुई हैं। विशेष बात यह है कि प्रतापपुर में वारदात करने वाले युवक और उनकी बाइक की तस्वीरें मानपुर की घटना से मेल खाती हैं। पुलिस इन दोनों घटनाओं को एक ही गिरोह की करतूत मान रही है। सीसीटीवी फुटेज के आधार पर जांच तेज कर दी गई है।

---

### करोड़ों की लागत,5 वर्षों से अधूरी सड़क

## प्रतापपुर-राजपुर मार्ग बना भ्रष्टाचार और लापरवाही का मिसाल



-सोनू कश्यप-

**प्रतापपुर,18 मई 2025 (घटती-घटना)।** करोड़ों रुपए की लागत से बनाए जा रहे प्रतापपुर-राजपुर मुख्य मार्ग का निर्माण कार्य बीते लगभग पांच वर्षों से अधूरा पड़ा हुआ है। यह मार्ग क्षेत्र की प्रमुख लाइफलाइन माना जाता है,लेकिन आज भी इसकी हालत बदहाल है। अधूरी सड़क,अधूरे पुल और घटिया निर्माण कार्य जनता के लिए परेशानी और खतरे का सबब बन गए हैं।

कुछ दिन पहले ही इस अधूरी सड़क के किनारे रात के अंधेरे में घटिया नाली निर्माण किया गया, जिसे स्थानीय नागरिकों और मीडिया ने प्रमुखता से उजागर किया। कई प्रमुख अखबारों में यह खबर प्रकाशित होने के बावजूद संबंधित विभाग ने अब तक कोई संज्ञान नहीं लिया है।

### पुलिया निर्माण में घोर लापरवाही

सड़क के बीच-बीच में जहां पुलिया निर्माण अधूरा पड़ा है,वहां भी भारी भ्रष्टाचार और घोर लापरवाही देखने को मिल रही है। निर्माणाधीन पुलियों के पास न तो कोई सूचनात्मक बोर्ड लगाया गया है,न ही सुरक्षा के लिए कोई बैरिकेडिंग या संकेतक। इस कारण आए दिन राहगीरों को दुर्घटनाओं का सामना करना पड़ रहा है, विशेषकर रात के समय।

### जनता में आक्रोश,प्रशासन से कार्रवाई की मांग

क्षेत्रवासियों में विभाग और ठेकेदार की कार्यशैली को लेकर गहरा आक्रोश है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि यह सड़क वर्षों से केवल नाम मात्र के निर्माण तक सीमित है। भ्रष्टाचार और लापरवाही से जनता की जान को खतरा हो रहा है। लोगों ने जिला प्रशासन से ठेकेदार पर ठोस कार्रवाई करने की मांग की है और कहा है कि निर्माण कार्य की गुणवत्ता की जांच कराकर पुनः कार्य कराया जाए। सबसे बड़ा सवाल यह है कि क्या विभागीय अधिकारियों को इस स्तरहीन निर्माण की जानकारी नहीं है? यदि है,तो अब तक कोई कार्रवाई क्यों नहीं हुई? निर्माण कार्य में लापरवाही और मानकों की अनदेखी का यह मामला कहीं न कहीं प्रशासनिक मिलीभगत की ओर भी इशारा करता है।

---




## खोरमा हत्याकांड में दो आरोपियों को उम्रकैद,कोर्ट का सख्त फैसला

-संवाददाता-

**प्रतापपुर/सरगुजा,18 मई 2025 (घटती-घटना)।** प्रतापपुर थाना क्षेत्र के ग्राम खोरमा में 31 अगस्त 2020 को हुए चर्चित चित रेंग साहू हत्याकांड में आज विशेष सत्र न्यायालय ने ऐतिहासिक फैसला सुनाते हुए दोनों आरोपियों को आजीवन कारावास (उम्रकैद) की सजा सुनाई है।

**घटना का विवरण-** मृतक चित रेंग साहू, पेशे से वाहन चालक,अपनी स्कार्पियो वाहन क्रमांक CG04/ER0216 से आरोपियों को लेकर ग्राम खोरमा की ओर जा रहा था। रास्ते में सुनसान स्थान पर आरोपियों ने मिलकर उनकी हत्या कर दी और स्कार्पियो वाहन, मोबाइल, ड्राइविंग लाइसेंस एवं अन्य सामान लूटकर फरार हो गए। घटना के बाद पुलिस को मृतक का शव मिला, जिसकी शिनाख्त बाद में चित रेंग साहू के रूप में हुई। पोस्टमार्टम रिपोर्ट में हत्या का कारण Neurogenic Shock बताया गया, जो दम घुटने और चोट के चलते हुआ था।

### जांच और सबूत

प्रारंभ में धारा 174 के तहत जांच शुरू हुई। तकनीकी साक्ष्यों,सीसीटीवी फुटेज, होटल रजिस्टर व गवाहों के आधार पर पुलिस ने आरोपियों को रायपुर से गिरफ्तार किया। आरोपियों के पास से लूटी गई स्कॉर्पियो, मोबाइल व अन्य सामान बरामद हुआ। एफएसएल रिपोर्ट, पीएम रिपोर्ट, और साक्ष्य कोर्ट में निर्णायक साबित हुए।

**कोर्ट का फैसला-**सेशन केस संख्या 08/2021 में सुनवाई करते हुए माननीय सत्र न्यायाधीश ओम प्रकाश सिंह चौहान की अदालत ने दोनों आरोपियों को निम्न सजा सुनाई- धारा 302 (हत्या) आजीवन कारावास धारा 394 (लूट के लिए हमला)10 वर्ष कठोर कारावास आर्म्स एक्ट के अंतर्गत 3 वर्ष की सजा। सभी सजाएं साथ-साथ चलेंगी।

**न्यायालय में पैरवी-** इस मामले में सरकारी अधिवक्ता कृष्ण कुमार ने सरकार की ओर से प्रभावशाली पैरवी की।

उन्होंने तकनीकी साक्ष्य,मेडिकल रिपोर्ट और प्रत्यक्षदर्शियों के बयान प्रस्तुत कर अदालत को यह विश्वास दिलाया कि यह अपराध पूरी योजना के तहत अंजाम दिया गया।

**न्यायालय की टिप्पणी-**कोर्ट ने अपने फैसले में कहा यह अपराध अत्यंत निंदनीय है। एक निर्दोष व्यक्ति, जो अपनी जीविका के लिए कार्य कर रहा था, उसकी निर्ममता से हत्या की गई। ऐसे अपराधियों के लिए समाज में कोई स्थान नहीं होना चाहिए।

---

## 'सुशासन तिहार 2025' अंतर्गत जनसम्पर्क विभाग द्वारा आयोजित किया गया विशेष इवेंट



-संवाददाता-

**कोरबा,18 मई 2025 (घटती-घटना)।** सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत कोरबा के घंटाघर ऑडिटोरियम, परिसर के चौपाटी में जनसंपर्क विभाग के माध्यम से एक दिवसीय विशेष इवेंट का आयोजन किया गया। आम नागरिकों से प्रत्यक्ष रूबरू होकर उनसे मनोरंजक गतिविधियों में शामिल किया गया। ज्ञानवर्धक सवाल भी पूछे गए और सही जवाब देने वाले प्रतिभागियों को आकर्षक पुरस्कार भी प्रदान किया गया। इस आयोजन में आम नागरिकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया और आयोजन को सफल बनाया। कार्यक्रम का उद्देश्य शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी आमजन तक पहुंचाना, लाभार्थियों से संवाद स्थापित करना और सुशासन तिहार को जनसामान्य में प्रसारित करना था। कार्यक्रम की शुरुआत रंगारंग सांस्कृतिक नृत्य से हुई,जिसके बाद खेल एवं मनोरंजन गतिविधियों की श्रृंखला प्रारंभ हुई। कार्यक्रम में ज्ञानवर्धक क्विज़, जिसमें सुशासन तिहार,प्रदेश सरकार की योजनाओं,शासन की पहल तथा कोरबा जिले से जुड़े सवाल शामिल रहें का खास आकर्षण रहा। युवाओं ने इसमें भाग लेकर सवालों के जवाब दिए। इस दौरान सुशासन तिहार 2025 के अंतर्गत अपनी समस्या को लेकर आवेदन देने वाले वे हितग्राही भी थे जिनके आवेदन का निराकरण हो गया है। प्रधानमंत्री आवास योजना के हितग्राही मनु उराव,बिन्देश्वरी, मनहरण सिह,अलख राम, बरेलाल, अंबिका यादव,पार्वती चौहान,शशी चौहान, शत्रुहन श्रीवास,पेंशन के हितग्राही अनिल सिंह,राशनकार्ड के हितग्राही सुलोचनी साहू सहित अन्य योजनाओं के लाभार्थियों ने अपने अनुभव को बताया और आवेदन जमा करने के बाद हुई कार्यवाही पर संतोष व्यक्त करते हुए सरकार की इस पहल की सराहना की। कार्यक्रम में युवाओं ने मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में संचालित कल्याणकारी योजनाओं के बारे में गहरी रुचि दिखाई और संवाद के माध्यम से जानकारी प्राप्त की। कार्यक्रम के समापन अवसर पर प्रतिभागियों को जनमन पत्रिका और शासन की योजनाओं पर आधारित फूड वाउचर प्रदान किए गए। आयोजन में पारंपरिक लोकनृत्य, सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ, खेल प्रतियोगिताएँ और मनोरंजक गतिविधियाँ आयोजन को रोचक और प्रेरणादायक बनाती रहीं। एक दिवसीय इस इवेंट में न सिर्फ जनसहभागिता को प्रोत्साहित किया बल्कि शासन और जनता के बीच संवाद की एक सशक्त कड़ी भी स्थापित की। इस अवसर पर जिला प्रशासन,नगर निगम के अधिकारी कर्मचारी, जनसम्पर्क कार्यालय से मनीष यादव,प्रकाश दास,अशोक,नन्द कुमार आदि उपस्थित थे।

# आज खुलेगी 3 टीमों की किस्मत ?

### 2 मुकाबलों से आईपीएल प्लेऑफ की तस्वीर होगी लगभग साफ

**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** आईपीएल 2025 फिर से पटरी पर लौट चुका है,लेकिन 17 मई को रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु और कोलकाता नाइट राइडर्स के बीच खेला जाने वाला मुकाबला बारिश में धुल गया। इस तरह दोनों टीमों को एक-एक पाइंट से ही संतोष करना पड़ा। शाम 6 बजे के आसपास शुरू हुई बारिश लगातार होती रही,जिससे टॉस भी नहीं हो सका और आखिरकार मैच रद्द करना पड़ा। इसके साथ ही आरसीबी ने प्लेऑफ की ओर एक और मजबूत कदम बढ़ा दिया जबकि केकेआर प्लेऑफ की रेस से बाहर हो गई। आरसीबी के अब 12 मैच में 17 पाइंट हैं और बचे हुए दो मैच में से एक में जीत उनके लिए प्लेऑफ में जगह पक्की करने के लिए काफी होगी। फिलहाल वे गुजरात टाइटन्स (16 पाइंट) से आगे पाइंट्स टेबल में शीर्ष पर हैं। अब बात 18 मई को होने वाले 2 मुकाबलों की, जो प्लेऑफ की तस्वीर काफी हद तक साफ कर सकते हैं।





दरअसल,प्लेऑफ की रेस में शामिल टीमों के लिए अब हर मुकाबला फाइनल जैसा हैं। आज के दो बेहद अहम मैचों के बाद कई टीमों की किस्मत तय हो सकती है। आइए जानते हैं आज के मैचों के हिसाब से क्वालिफिकेशन का पूरा समीकरण.आज पहला मैच राजस्थान रॉयल्स और पंजाब किंग्स के बीच खेला जाएगा। वहीं, दूसरे मैच में गुजरात टाइटन्स की दिल्ली कैपिटल्स से टक्कर होगी। अगर राजस्थान की टीम पंजाब किंग्स को हरा देती है,तो आरसीबी प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर जाएगी। इस स्थिति में पंजाब की उम्मीदें खत्म हो जाएंगी और आरसीबी सीधे प्लेऑफ में पहुंच जाएगी।

### 3 टीमों की खुल सकती है किस्मत

वहीं,अगर गुजरात ने दिल्ली कैपिटल्स को हरा दिया,तो आरसीबी और जीटी दोनों ही प्लेऑफ के लिए क्वालिफाई कर लेंगे। इस सीन में डीसी की राह मुश्किल हो जाएगी और दोनों टीमें अगले राउंड में पहुंच जाएंगी। अगर पंजाब की टीम राजस्थान को हरा देती है और गुजरात की टीम दिल्ली कैपिटल्स को मात देने में सफल रहती है, तो तीन टीमें-पीबीकेएस,आरसीबी और जीटी प्लेऑफ में जगह बना लेंगी।

### फैंस को दोनों मैचों का इंतजार

अगर पीबीकेएस ने आरआर को हराया और डीसी ने जीटी को हरा दिया,तो फिलहाल कोई भी टीम आधिकारिक तौर पर क्वालिफाई नहीं कर पाएगी। यही वजह है कि फैंस की नजरें आज के दोनों मैचों पर टिकी हैं। हर बॉल और हर ओवर से प्लेऑफ की तस्वीर बदल सकती है। आरसीबी,जीटी,पीबीकेएस और डीसी चारों टीमों के लिए आज का दिन बेहद अहम है। अब देखना होगा कि किसकी किस्मत चमकती है और कौन प्लेऑफ की रेस से बाहर होता है।

# विराट कोहली को मिलना चाहिए भारत रत्न अवॉर्ड...स्टार क्रिकेटर ने मोदी सरकार से की सबसे बड़ी मांग



**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** भारत रत्न देश का सर्वोच्च नागरिक सम्मान है जो किसी क्षेत्र में असाधरण और सर्वोच्च सेवा को मान्यता देने के लिए दिया जाता है। हमाशे देश में अभी तक खेल जगत से सिर्फ एक ही खिलाड़ी को यह सम्मान मिला है,और वो हैं महान क्रिकेटर सचिन तेंदुलकर सरकार ने उन्हें साल 2014 में यह सम्मान देने की बात कही थी और भारत के पूर्व राष्ट्रपति प्रणव मुखर्जी ने उन्हें यह पुरस्कार दिया था। सचिन के बाद किसी और खिलाड़ी को इतना बड़ा सम्मान आजतक नहीं मिला है। लेकिन अब,भारत के पूर्व क्रिकेटर सुरेश रैना ने मोदी सरकार से बड़ी मांग की है। उनका कहना है कि विराट कोहली को भी भारत रत्न मिलना चाहिए।

### विराट कोहली हैं भारत रत्न अवॉर्ड पाने के हकदार

दरअसल,सुरेश रैना ने स्टार स्पोर्ट्स से बातचीत में विराट कोहली को लेकर भारत सरकार से बड़ी मांग की हैं। उनका कहना है कि विराट कोहली ने भारत और भारतीय क्रिकेट के लिए बहुत कुछ किया है। उन्होंने बहुत सारी बड़ी जीतें दिलाई हैं और क्रिकेट को आगे बढ़ाने में उनका बहुत बड़ा हाथ है। ऐसे में उन्हें भारत रत्न अवॉर्ड मिलना चाहिए।

साल 2011 में टेस्ट में डेब्यू करने वाले विराट कोहली का करियर उतार-चढ़ाव से भरपूर रहा,लेकिन उन्होंने कभी हार नहीं मानी। अपने 14 साल के टेस्ट करियर में उन्होंने हर समय खेल को पूरी तरह से इंजॉय करते हुए खेला। 12 मई 2025 को विराट ने टेस्ट क्रिकेट से रिटायरमेंट का एलान किया। उन्होंने कहा कि इस फॉर्मेट में उन्हें जो खुशी और साथ-साथ जो सबक दिया है,उसे वह जिंदगी भर याद रखेंगे। बता दें कोहली की कप्तानी में भारत ने 68 में से 40 टेस्ट जीते,17 हारे और 11 ड्रॉ खेले। इससे ये साबित होता है कि कोहली की टीम अतीत की भारतीय टीम से कितनी अलग थी। उन्होंने 123 टेस्ट मैच खेलते हुए 9230 रन बनाए,जिसमें 30 शतक और 31 अर्धशतक शामिल रहे।

## संक्षिप्त खेल खबर

### हाईवोल्टेज ड्रामे के बाद कोहली ने राहुल वैद्य को किया अनब्लॉक



**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** भारत के दिग्गज क्रिकेटर विराट कोहली ने गायक राहुल वैद्य को अनब्लॉक कर दिया है। इसके लिए वैद्य ने कोहली और उनके फैंस के लिए एक और पोस्ट किया है। पोस्ट में वैद्य ने कोहली का आभार जताया है। साथ ही इस पोस्ट के कैप्शन में विराट कोहली को ढेर सारा प्यार लिखा है। गायक राहुल वैद्य हाल ही में तब चर्चा में आए थे जब उन्होंने इंस्टाग्राम पर विराट द्वारा ब्लॉक किए जाने के बाद उनकी आलोचना की थी। सोशल मीडिया पर कोहली और उनके प्रशंसकों पर आपत्तिजनक शब्दों का इस्तेमाल करने के बाद वैद्य सवालों के घेरे में आ गए थे। उन्होंने कोहली और उनके फैंस के लिए जोकर शब्द तक का इस्तेमाल किया था। हालांकि,ऐसा लगता है कि दोनों के बीच तनाव हल हो गया है और वैद्य ने अपने बयानों से यू टर्न ले लिया है।

### प्लेऑफ की दौड़ से बाहर हो चुकी कोलकाता में हुई इस घातक स्पिनर की एंट्री

**नई दिल्ली,18 मइ ॅ2025।** केकेआर आईपीएल 2025 से बाहर होने वाली चौथी टीम बन गई। इससे पहले सनराइजर्स हैदराबाद (आठवें स्थान),राजस्थान रॉयल्स (नौवें स्थान) और चेन्नई सुपर किंग्स (10वें स्थान) का सफर समाप्त हुआ था।गत विजेता कोलकाता नाइट राइडर्स



(केकेआर) ने मध्य प्रदेश के मिस्ट्री स्पिनर शिवम शुक्ला को टीम में शामिल किया है। उन्हें वेस्टइंडीज के घातक ऑलराउंडर रोवमैन पॉवेल की जगह टीम में एंट्री मिली है। रविवार को फ्रेंचाइजी की तरफ से बताया गया कि पॉवेल और इंग्लैंड के मोईन अली स्वास्थ्य संबंधी समस्या के चलते सत्र से बाहर हो गए हैं।

# इंडिया-ए को मिल गया नया कोच,इंग्लैंड दौरे पर रहेंगे साथ

**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** भारतीय सीनियर टीम इंग्लैंड दौरे पर पांच टेस्ट मैचों की सीरीज खेलेगी। इससे पहले इंडिया-ए टीम इंग्लैंड दौरे पर जाएगी और वहां पर कुल तीन मुकाबले खेलेगी,जिसमें इंडिया सीनियर्स के खिलाफ एक मैच भी शामिल है। इंडिया-ए टीम का ऐलान पहले ही हो चुका है,जिसमें कप्तानी की जिम्मेदारी अभिमन्यु ईश्वरन को मिली है। अब ऋषिकेश कानिटकर को इंडिया-ए टीम का नया कोच बनाया गया है।



### असम के सुभोदीप घोष बने फील्डिंग कोच

क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक ऋषिकेश कानिटकर के साथ असम के सुभोदीप घोष (फील्डिंग कोच) और ट्रॉय कूली (गेंदबाजी कोच) भी इंडिया-ए टीम के साथ होंगे। इनके ऊपर नई पीढ़ी के क्रिकेटर्स को तैयार करने की अहम जिम्मेदारी होगी। इंडिया-ए की टीम के 25 और 26 मई को अलग-अलग बैचों में इंग्लैंड जाने की उम्मीद है।

इंडिया-ए की टीम इंग्लैंड लॉयंस के खिलाफ चार दिनों का मैच 30 मई से कैंटरबरी में खेलेगी। चार दिनों के मैच को फर्स्ट क्लास का मैच माना जाता है। इसके बाद नॉर्थम्प्टन में 6 जून से दूसरा मैच होगा। फिर इंडिया-ए की टीम 13 से 16 जून तक भारत की सीनियर की टीम के खिलाफ इंट्रा स्क्वाड मैच खेलेगी। भारतीय सीनियर टीम का चयन मई के आखिरी हफ्ते में किया जा सकता है।

### करुण नायर को लंबे बाद मिला मौका

करुण नायर की लंबे समय बाद भारतीय टेस्ट टीम में वापसी हुई है। पिछले साल घरेलू क्रिकेट में नायर ने खूब रन बनाए थे। फर्स्ट क्लास और लिस्ट-एक क्रिकेट को मिलाकर उन्होंने 1600 से ज्यादा रन बनाए थे,इस दौरान नायर 9 शतक लगाने में भी कामयाब रहे। उन्हें घरेलू क्रिकेट में अच्छे प्रदर्शन का इनाम मिला है। ऐसा माना जा रहा है कि रोहित शर्मा और विराट कोहली के संन्यास के बाद उन्हें नेशनल टीम में भी जगह मिल सकती है।

### इंडिया-ए की टीम

अभिमन्युईश्वरन (कप्तान),यशस्वी जयसवाल,करुण नायर,ध्रुव जुरेल (वीसी) (विकेटकीपर),नितीश कुमार रेड्डी,शार्दुल ठाकुर,ईशान किशन(विकेटकीपर),मानव सुथार, तनुष कोटियन,मुकेश कुमार, आकाश दीप,हर्षित राणा, अंशुल कंबोज,खलील अहमद,रुतुराज गायकवाड़,सरफराज खान, तुषार देशपांडे,हर्ष दुबे।

# अर्जेंटीना में होने वाले चार देशों के टूर्नामेंट के लिए जूनियर महिला टीम का ऐलान

**नईदिल्ली,18 मई 2025 (ए)।** हॉकी इंडिया ने अर्जेंटीना के रोसारियो में होने वाले आगामी चार देशों के टूर्नामेंट के लिए शनिवार को 24 सदस्यीय भारतीय जूनियर महिला टीम की घोषणा की जिसमें गोलकीपर निधि को कप्तान बनाया गया है जबकि हिना बानो उप-कप्तान होंगी। यह टूर्नामेंट 25 मई से दो जून तक खेला जाएगा,जिसमें भारत और मेजबान अर्जेन्टीना के अलावा उरुग्वे और चिली की टीम हिस्सा लेंगी। दिसंबर में होने वाले जूनियर वर्ल्ड कप की तैयारी के हिस्से के रूप में भारतीय टीम प्रत्येक टीम के खिलाफ दो मैच खेलेगी जो उसे अपने प्रदर्शन का मूल्यांकन करने,टीम संयोजन का आकलन करने और रणनीतियों को बेहतर करने में मदद करेगा।

### जूनियर वर्ल्ड कप के लिहाज से अहम है दौरा

हॉकी टीम के कोच तुषार खांडेकर ने



विज्ञप्ति में कहा कि हम इस टीम से अपने सर्वश्रेष्ठ खिलाड़ियों की पहचान करना चाहते हैं,विशेषकर जूनियर वर्ल्ड कप को देखते हुए जो सिर्फ 6 महीने दूर है। यह दौरा खिलाड़ियों को बहुमूल्य अंतरराष्ट्रीय अनुभव प्रदान करेगा। उन्होंने कहा कि हम उन्हें सीनियर टीम में जगह बनाने के लिए भी तैयार कर रहे हैं। यह बदलाव तभी संभव है जब वे वर्ल्ड कप जैसे बड़े टूर्नामेंट में अच्छा प्रदर्शन करें जो इस दौरे को बेहद महत्वपूर्ण बनाता है।

### पहले मैच में भारत की चिली से भिड़ंत

टीम में दूसरे गोलकीपर के रूप में एंजिल हर्षा रानी मिंज शामिल हैं जबकि विद्याश्री वी को स्टैंडबाई रखा गया है। डिफेंस में ममिताओरम, लालथंतलुआंगी,मनीषा,पूजा साहू, पार्वती टोपनो,नंदिनी और साक्षी शुक्ला को जगह मिली है। मिडफील्ड में प्रियंका यादव,अनीशा साहू,रजनी केरकेट्टा,बिनिमा धन,खैदेम शिलेमा चानू,संजना होरो,सुप्रिया कुजूर और प्रियंका डोगरा शामिल होंगी।

# शुभमन गिल में एक बेहतरीन कप्तान बनने के सभी गुण... दिल्ली के खिलाफ मैच से पहले बोले पार्थिव पटेल

**नईदिल्ली,18 मई 2025(ए)।** पार्थिव ने यह बात भारत के नए टेस्ट कप्तान के चयन से कुछ दिन पहले कही। 25 साल के गिल 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित शर्मा की जगह भारतीय टेस्ट कप्तान बनने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक है। करीब 10 दिनों के अप्रत्याशित रुकावट के बाद आईपीएल 2025 की फिर से शुरुआत हो चुकी है। इसी कड़ी में आज डबल हेडर के दूसरे मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स का सामना गुजरात टाइटंस से अरुण जेटली स्टेडियम में होगा। इस मैच से पहले गुजरात टाइटंस के सहायक कोच पार्थिव पटेल ने कहा कि शुभमन गिल में एक बेहतरीन कप्तान बनने के सभी गुण हैं। पटेल ने कहा कि टीम के नेतृत्वकर्ता के रूप में उनकी मौजूदगी गुजरात टाइटंस के ड्रेसिंग रूम में आसानी से महसूस की जा सकती है।




पार्थिव ने यह बात भारत के नए टेस्ट कप्तान के चयन से कुछ दिन पहले कही। 25 साल के गिल 20 जून से शुरू हो रहे इंग्लैंड दौरे से पहले रोहित शर्मा की जगह भारतीय टेस्ट कप्तान बनने के सबसे मजबूत दावेदारों में से एक है। पटेल ने कहा,आप गुजरात टाइटंस के ड्रेसिंग रूम में कप्तान शुभमन गिल को महसूस कर सकते हैं। मैं भारतीय टीम की कप्तानी को लेकर हो रही बातचीत के बारे में निश्चित नहीं हूं और इस पर टिप्पणी नहीं कर सकता, लेकिन शुभमन ने टाइटंस के कप्तान के तौर पर शानदार प्रदर्शन किया है।उन्होंने कहा,वह शानदार रहे हैं। वह शानदार तरीके से समूह का नेतृत्व करते है। वह अभी शानदार बल्लेबाजी कर रहा है। उसने परिपक्वता से स्थिति को संभालने के साथ बहुत रन बनाए हैं। गिल मैदान पर और मैदान के बाहर दोनों जगह सक्रिय भूमिका निभाता है। वह युवा खिलाड़ियों के साथ बहुत समय बिताता है।

गुजरात टाइटंस को प्लेऑफ से जोस बटलर की गैरमौजूदगी की कमी खलेगी जो राष्ट्रीय टीम की प्रतिबद्धता के कारण आईपीएल में नहीं रहेंगे। उन्होंने कहा, हमारे लिए अभी यह अहम है कि वह पहले तीन मैचों के लिए है, और फिर हम देखेंगे कि टीम का संतुलन कैसा है और हम किस टीम संयोजन पर विचार कर रहे हैं।

# माधुरी दीक्षित के बेटे अरिन हुए ग्रेजुएट, लॉस एंजिल्स के इस यूनिवर्सिटी से ली डिग्री

**नई दिल्ली,18 मई 2025(ए)।** माधुरी दीक्षित के बड़े बेटे अरिन अब ग्रेजुएट हो गए हैं। उन्होंने इस सप्ताह लॉस एंजिल्स में यूनिवर्सिटी ऑफ साउथर्न कैलिफोर्निया से ग्रेजुएशन की डिग्री ली है। इस समारोह की तस्वीरें उनके पिता डॉ. नेने ने शेयर की हैं। उन्होंने लिखा, ÷एक हफ्ते में सब कुछ हो गया। समारोह काफी पसंद आया। अरिन और उनके क्लासमेट पर गर्व है। खास बात यह है कि एमडी ने अपना जन्मदिन अरिन के ग्रेजुएट होने के साथ मनाया। दोनों के लिए यह कितना बढ़िया तोहफा है।साथ में शेयर की गई फोटो में अरिन को अपने ग्रेजुएशन गाउन में कैमरे के सामने अपनी डिग्री दिखाते हुए





देखा जा सकता है। डॉ. नेने तस्वीरों के लिए उनके बगल में खड़े हैं। एक अन्य फोटो में डॉ. नेने और माधुरी को दर्शकों के बीच बैठे हुए सेल्फी लेते हुए दिखाया गया है। आखिरी तस्वीर में कपल को अरिन और उसके कॉलेज के दूसरे छात्रों के साथ दिखाया गया है। फैंस ने भी अरिन और परिवार को शुभकामनाएं दीं। एक यूजर ने लिखा,खूबसूरत तस्वीरें। पूरे परिवार को हार्दिक बधाई और अरिन को खास बधाई...मेरे पसंदीदा लोगों की खूबसूरत मुस्कान,यह बहुत बढ़िया है कि मैडम ने अपना जन्मदिन अरिन की ग्रेजुएशन पार्टी एक साथ मनाया। हमें यह देखकर बहुत अच्छा लगा! माधुरी ने 15 मई को अपना जन्मदिन मनाया। गुरुवार को माधुरी के 58 वें जन्मदिन पर डॉ. नेने ने इंस्टाग्राम पर अपनी,माधुरी और अपने बेटों एरिन और रयान की कई तस्वीरें शेयर कीं। इनमें से एक तस्वीर में दोनों हाथों में हाथ डाले बैठे हैं। एक-दूसरे की आंखों में देखते हुए, स्माइल के साथ प्यार और गर्मजोशी के पल को कैद कर रहे हैं। तस्वीरों के साथ माधुरी की सबसे मशहूर रोमांटिक फिल्मों में से एक दिल तो पागल है का टाइटल ट्रैक भी था।बता दें कि माधुरी ने 17 अक्टूबर 1999 को डॉक्टर श्रीराम से शादी की। वह अमेरिका चली गईं और एक दशक से ज़्यादा समय तक वहीं रहीं। दंपति के पहले बेटे एरिन का जन्म 2003 में हुआ और उनके दूसरे बच्चे रयान का जन्म 2005 में हुआ।

# हेरा फेरी 3 छोड़ने पर परेश रावल को मिली धमकी,प्रशंसक ने कहा-नस काट लूंगा

परेश रावल के 'हेरा फेरी' फ्रेंचाइजी छोड़ने से फैंस में काफी निराशा है। वह सोशल मीडिया पर अभिनेता के फ्रेंचाइजी में लौट आने के लिए कह रहे हैं। वहीं,रविवार को अभिनेता ने फिल्म से खुद को अलग होने की वजह पर भी सफाई दी है। अभिनेता परेश रावल ने अपने और 'हेरा फेरी' फ्रेंचाइजी के प्रशंसकों को तगड़ा झटका दिया। अभिनेता ने 'हेरा फेरी 3' छोड़ दी है।



उन्होंने ट्विटर पर पोस्ट करते हुए सफाई दी है कि उन्होंने रचनात्मक मतभेद की वजह से फिल्म नहीं छोड़ी है। अभिनेता के इस फैसले ने सभी को हैरान कर दिया है। सोशल मीडिया पर यूजर्स अब तरह-तरह के रिएक्शन दे रहे हैं। वह अभिनेता से फिल्म में वापस आने का आग्रह भी कर रहे हैं।

### परेश रावल ने क्या लिखा ?

एक्स पर परेश रावल ने लिखा,मैं यह बात रिकॉर्ड में दर्ज करना चाहता हूं कि 'हेरा फेरी 3'से अलग होने का मेरा फैसला रचनात्मक मतभेदों के कारण नहीं था। मैं फिर से दोहराता हूं कि फिल्म निर्माता के साथ कोई रचनात्मक मतभेद नहीं है। मैं फिल्म निर्देशक श्री प्रियदर्शन के प्रति अपार प्रेम,सम्मान और आस्था रखता हूं।'

### यूजर्स ने क्या कहा ?

परेश रावल के इस फैसले से फैंस में काफी निराशा है। उन्होंने अपनी निराशा सोशल मीडिया पर भी जताई है। एक यूजर ने कमेंट करते हुए लिखा, 'सर मैं नस काट लूंगा,अपना फैसला वापस लीजिए। पैसे ज्यादा चाहिए तो हम हेरा फेरी फैन क्लब क्राउडसोर्स कर देंगे।' एक अन्य ने लिखा,'बाबूराव के बिना हेरा फेरी की कल्पना करना मुश्किल है। आपने अपनी परफेक्ट टाइमिंग और एक्सप्रेशन से इस रोल को कभी ना भूलने बना दिया। चाहे कुछ भी हो, जब भी प्रशंसक हेरा फेरी के बारे में सोचेंगे तो सबसे पहले आपको ही याद करेंगे। बाबूराव की जगह कोई नहीं ले सकता!' एक अन्य ने लिखा, 'यार बाबू भैया ऐसा ना करो, क्यों बचपन की सबसे अच्छी यादों को करवा रहे हो।'

# लोगों से घिर गईं तमन्ना भाटिया,जैसे-तैसे खुद को बचाया


बीती रात तमन्ना भाटिया ने जी सिने अवार्ड में प्रस्तुति दी। जब वह कार्यक्रम से वापस आ रही थीं तो उनके साथ अजीब बात हुई। आइए जानते हैं क्या है पूरा मामला? अभिनेत्री तमन्ना भाटिया का सोशल मीडिया पर एक वीडियो वायरल हो रहा है। इस वीडियो में वह लोगों के बीच में हैं और असहज हैं। बीती रात तमन्ना भाटिया मुंबई में एक कार्यक्रम में पहुंची। तमन्ना ने यहां जी सिने अवार्ड में प्रस्तुति दी। जब वह प्रोग्राम वाली जगह से वापस जा रहीं थीं तो वह काफी असहज दिखीं। वह पुरुषों से दूरी बनाती हुई नजर आईं। तमन्ना



भाटिया छोटे कपड़ों में प्रोग्राम वाली जगह से वापस जा रही हैं। ऐसे में कई पुरुष उनके साथ तस्वीरें लेने के लिए उनके पास आ रहे हैं। तमन्ना भीड़ से बचते दिखीं और अपनी कार की तरफ जाती दिखीं। जब वह भीड़ से बच रही थीं तो उन्होंने अपने सीने पर हाथ रखा था।तमन्ना जब खुद को पुरुषों से बचाती हैं तो उनके आस-पास कोई भी सिक्योरिटी गार्ड नहीं है। पहले उनसे कई लोगों ने उनके साथ फोटो लेने को कहा बाद में उन्हें लोगों ने घेर लिया। पुरुषों से घिरीं तमन्ना ने अपने आपको असहज महसूस किया और वह जल्दी से उस जगह से चली गईं।

# निजी स्कूलों का आरटीआई का बकाया बढ़कर हुआ 300 करोड़ रूपए

## राशि बढ़ाने और छुट्टियां कम करने सहित कई मांगें रखीं स्कूल संगठन ने...



रायपुर,18 मई 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने अनेक मुद्दों को लेकर शिक्षा विभाग के सचिव को ज्ञापन सौंपा है। इसमें स्कूलों को आर.टी.ई. के तहत भर्ती बच्चों के एवज में दी जाने वाली बकाया रकम के बढ़कर 300 करोड़ हो जाने के आलावा बच्चों की संख्या के हिसाब से दी जाने वाली इस रकम में बढ़ोत्तरी करने सहित अन्य कई मुद्दों पर अपनी मांगें रखी हैं। प्रदेश में संचालित निजी स्कूलों के संगठन ने इस बार छुट्टियों के बीच शिक्षा विभाग के समक्ष अपनी कई समस्याएं रखते हुए उनके निराकरण की मांग की हैं। इनमें प्रमुख रूप से आर.टी.ई. की प्रतिपूर्ति राशि का भुगतान जल्द से जल्द कराने की मांग की गई है। पत्र में बताया गया है कि 300 करोड़ से ऊपर की प्रतिपूर्ति राशि स्कूलों की बकाया है। मांग की गई है कि सभी जिलों की लंबित आर.टी.ई. की प्रतिपूर्ति राशि को अविलम्ब स्कूलों के खातों में हस्तांतरित किया जाए। साथ ही यह भी बताया गया है कि पिछले 12 वर्षों से आर.टी.ई. की राशि में कोई वृद्धि नहीं की गई है। इनकी मांग है कि आर.टी.ई. की राशि प्राथमिक कक्षाओं में 7000 से बढ़कर 15000, माध्यमिक की 11,500 से बढ़ाकर 18,000 एवम हाई और हायर सेकंडरी की अधिकतम सीमा को 15,000 से बढ़ाकर 25,000 तक की जाये।

### बसों के फिटनेस की समस्या

स्कूल संगठन का कहना है कि शैक्षणिक उपयोग की बसों को 12 साल बाद फिटनेस नहीं दी जा रही और वह बेकार हो जा रही हैं,जबकि आम परिवहन की बसों को 15 साल की अवधि तक संचालित करने का नियम है। यह नियम हमारी बसों को 12 साल बाद बेचने पर मजबूर कर रहा है,जबकि शैक्षणिक उपयोग की बसें कमर्शियल बसों से कम चलती हैं तथा सुरक्षा के ज्यादा उपाय हैं। शैक्षणिक उपयोग की बसों को भी 15 साल की अवधि तक संचालित करने की अनुमति प्रदान की जाये। इसी तरह बसों में लगाए जाने वाले जीपीएस तथा पैनिक बटन जो बाजार में आसानी से 3500 से 4000 रूपये के बीच उपलब्ध हैं,उसे कंपनियों द्वारा स्कूल संचालकों को 13500 से 14000 रुपए में दिया जा रहा है। इसे लूट बताते हुए इनकी राशि ठीक करवा कर इन्हें उपलब्ध कराई जाए ताकि इसे वे अपनी बसों में इस लगा सकें।

### 220 दिनों की पढ़ाई जरुरी,मगर

स्कूल शिक्षा विभाग की नियमावली में प्रति वर्ष 220 दिन स्कूल के संचालन का नियम है,लेकिन गत वर्षों से प्रदेश में स्कूल 180 से 185 से ज्यादा संचालित नहीं हो रहें है। शिक्षा के लगातार नुकसान से बचने के लिए कुछ छुट्टियों का अधिकार स्कूलों को दिया जाये। बजट में आर.टी.ई. की प्रतिपूर्ति राशि हेतु 65 करोड़ का प्रावधान है जबकि इतने सालों में छात्र संख्या बढ़ने के कारण यह राशि अब पर्याप्त नहीं है इसे बढ़ाकर 150 करोड़ किया जाना चाहिये हर वर्ष स्कूलों को आर.टी.ई. की प्रतिपूर्ति राशि प्रदान करने में विभाग से इसीलिए विलंब होता है।

### स्कूल मान्यता को लेकर जिलों में अलग-अलग हैं नियम

अशासकीय स्कूलों की मान्यता के लिए हर जिले में अलग नियमों का पालन होता है कोई जिला एक साल कोई तीन साल के लिए मान्यता का नवीनीकरण करता है। नियमों को सरलीकृत एवं प्रदेश में एक समान किया जाए तथा मान्यता 5 वर्षों के लिए प्रदान किया जाए।

छत्तीसगढ़ प्राइवेट स्कूल मैनेजमेंट एसोसिएशन ने ज्ञापन में कहा है कि उपरोक्त मांगों को कई बार कई स्तरों पर उठाकर निराकरण की मांग की जाती रही है लेकिनइस ओर स्कूल शिक्षा विभाग एवं परिवहन विभाग ध्यान नहीं दे रहा है।

# अब घर बैठे बनेगा पासपोर्ट

## मोबाइल वैन से बायोमेट्रिक स्कैनिंग और दस्तावेज जांच की सुविधा




रायपुर,18 मई 2025 (ए)। अब पासपोर्ट बनवाने के लिए कार्यालय के चक्कर लगाने की जरूरत नहीं! विदेश मंत्रालय की नई पहल के तहत पासपोर्ट मोबाइल वैन आपके घर के पास पहुंचेगी, जिसमें बायोमेट्रिक स्कैनिंग,फिंगरप्रिंट,फोटो और दस्तावेज जांच की पूरी प्रक्रिया होगी। यह हाईटेक वैन छत्तीसगढ़ सहित मध्यप्रदेश, राजस्थान जैसे राज्यों में शुरू हो चुकी है।

### क्या है पासपोर्ट मोबाइल वैन?

यह वैन पासपोर्ट बनाने की सभी सुविधाओं से लैस है। हफ्ते में एक बार अलग-अलग इलाकों में पहुंचकर यह लोगों को घर के पास ही पासपोर्ट बनवाने की सुविधा देगी। वैन में तैनात कर्मचारी और अधिकारी सभी औपचारिकताएं पूरी करेंगे। छत्तीसगढ़ में जल्द ही पहली वैन शुरू होगी,जिसका रूट तैयार किया जा रहा है।

### तत्काल पासपोर्ट सिर्फ 3 दिन में...

तत्काल पासपोर्ट के लिए 3500 रुपये शुल्क देकर 3 दिन में पासपोर्ट प्राप्त किया जा सकता है, जबकि सामान्य पासपोर्ट 1500 रुपये में 2 हफ्ते में बन जाता है।

### कैसे करें आवेदन?

वेबसाइट passportindia.gov.in पर लॉग इन करें। मोबाइल वैन का ऑप्शन चुनकर स्लॉट बुक करें। तय समय पर वैन आपके इलाके में पहुंचेगी और प्रक्रिया पूरी करेगी। कहां मिलेगी सुविधा? क्षेत्रीय पासपोर्ट अधिकारी गौरव गर्ग ने बताया कि शुरुआत में वैन उन इलाकों में जाएगी जहां पासपोर्ट दफ्तर नहीं हैं। ऑनलाइन जानकारी मिलेगी कि वैन कब और कहां आएगी।

### 19 साल में 6 लाख पासपोर्ट

रायपुर में 2007 में पासपोर्ट दफ्तर खुलने के बाद से अब तक 6 लाख पासपोर्ट बन चुके हैं। पिछले तीन सालों में हर साल 50 हजार से ज्यादा लोग पासपोर्ट बनवा रहे हैं।

# प्रदेश की संक्षिप्त खबरें

## ACB-EOW की छापेमारी में कारोबारी और सप्लायर फर्म के संचालक के घर से लाखों के कैश और दस्तावेज बरामद




अंबिकापुर 18 मई 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ के डीएमएफ घोटाला मामले में अंबिकापुर में ACB-EOW की टीम की छापेमारी में शहर के कपड़ा कारोबारी और सप्लायर फर्म धजाराम-विनोद कुमार पर छापेमारी के दौरान एसीबी-ईओडब्लू की टीम ने 19 लाख रुपए नकद और ठेके के दस्तावेज जब्त किए हैं। ACB के SDP प्रमोद कुमार खेस ने बताया कि, कारोबारी फर्म के संचालकों के घर से 19 लाख 1 हजार रुपए नकद और ठेके के दस्तावेज बड़ी संख्या में जब्त किए गए हैं। घर में मुकेश अग्रवाल और उनके पिता थे। अशोक अग्रवाल किसी काम से बस्तर गए थे। टीम ने जांच के बाद नकदी और दस्तावेजों को जब्त किया है। बता दें कि फर्म के संचालक का नाम DMF घोटाले में आया था और FIR दर्ज है। कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर की थी सप्लाई दरअसल, फर्म के द्वारा पूर्ववर्ती कांग्रेस सरकार के कार्यकाल में बड़े पैमाने पर सरकारी विभागों में सप्लाई की गई थी। इनमें महिला और बाल विकास और आदिम जाति कल्याण विभाग भी शामिल हैं। फिलहाल टीम आगे की कार्रवाई में जुट गई है।

## मादा भालू ने बाघ से भिड़कर बचाया अपने बच्चे को,दिखा मां का ममत्व...



रायपुर 18 मई 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ के अबूझमाड़ क्षेत्र से एक हैरान कर देने वाला वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल हो रहा है। इस वीडियो में एक मादा भालू अपने बच्चे को बचाने के लिए बाघ से भिड़ती नजर आ रही है। मां की इस साहसिक जंग को देखकर हर कोई हैरान है। वन मंत्री केदार कश्यप ने इस वीडियो को अपने सोशल मीडिया हैंडल पर शेयर करते हुए लिखा, ÷मां आखिर मां होती है।÷ वीडियो अबूझमाड़ के पांगुड़ क्षेत्र में बन रही एक नई सड़क के पास का है। इसमें एक मादा भालू अपने बच्चे को बाघ के हमले से बचाने के लिए उससे भिड़ जाती है। मादा भालू की इस हिम्मत के आगे बाघ को पीछे हटना पड़ता है और वह वहां से भाग जाता है। इस दिल दहला देने वाले दृश्य को स्थानीय ग्रामीणों ने अपने मोबाइल में कैद किया, जो अब सोशल मीडिया पर वायरल हो चुका है।

## यातायात विभाग की बड़ी कार्रवाई,बसों-ट्रकों से हटाई गईं तेज रोशनी वाले एलईडी लाइट्स



सुकमा,18 मई 2025 (ए)। रात्रिकाल में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती आकड़ों को देखते हुए यातायात विभाग सुकमा ने एक बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है। कलेक्टर देवेश कुमार ध्रुव के निर्देशन और मार्गदर्शन में जिला परिवहन अधिकारी एसबी रावटे के नेतृत्व में बसों,ट्रकों और पिकअप वाहनों में लगी तेज रोशनी वाली एलईडी लाइट्स को हटाने की मुहिम शुरू की गई है। उक्त कार्रवाई में वाहनों में अनियमितता पाए जाने पर जुर्माना भी लगाया गया,जिनमें कुल मिलाकर पांच हजार रूपए का चालान किया गया। साथ ही दोपहिया और चौपहिया वाहन चालकों को समझाईश भी दी गई। वाहन चालकों को चेतावनी दी गई कि भविष्य में ऐसी लाइट्स का उपयोग करने पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। इसके साथ ही यात्री वाहनों का मासिक रोड टैक्स बीस हज़ार रुपये शासन के खाते में जमा किया गया। यातायात विभाग द्वारा की गई यह कार्रवाई सड़क सुरक्षा की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। चौपहिया वाहनों में सीट बेल्ट का उपयोग करना और दोपहिया वाहनों में हेलमेट पहनना अनिवार्य किया गया है।

## धर्मांतरण रैकेट में 20 लोग पकड़े गए,कवर्धा में बड़ी कार्रवाई



कवर्धा,18 मई 2025 (ए)। जिले के आदर्श नगर क्षेत्र में रविवार को धर्मांतरण को लेकर भारी हंगामा हो गया। मामले में एक फादर और उनकी पत्नी पर गंभीर आरोप लगे हैं कि वे बीमारी ठीक करने के बहाने लोगों का धर्म परिवर्तन करा रहे थे। जानकारी मिलते ही विश्व हिंदू परिषद (विहिप) के कार्यकर्ताओं ने मौके पर पहुंचकर करीब 20 लोगों को पकड़ा जिससे पूरे क्षेत्र में तनाव फैल गया। स्थानीय लोगों और विहिप कार्यकर्ताओं का आरोप है कि आदर्श नगर स्थित एक घर में बंद कमरे में गुप्त रूप से धर्मांतरण का कार्यक्रम चलाया जा रहा था। इस दौरान लोगों को यह कहकर बुलाया गया था कि प्रार्थना करने से बीमारियां ठीक हो जाएंगी लेकिन असल में वहां ईसाई धर्म स्वीकार कराने का प्रयास किया जा रहा था। इस पूरे कार्यक्रम में एक फादर और उनकी पत्नी की भूमिका को लेकर गंभीर सवाल खड़े हुए हैं। आरोप है कि ये दोनों लंबे समय से इस तरह की गतिविधियों में शामिल हैं और लोगों को प्रलोभन या भय दिखाकर धर्म परिवर्तन के लिए प्रेरित कर रहे थे।

# कोकीन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार

रायपुर,18 मई 2025 (ए)। कोकीन के साथ 3 आरोपी गिरफ्तार हुए है। एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट की टीम को सूचना प्राप्त हुई कि थाना न्यू राजेन्द्र नगर क्षेत्रांतर्गत महावीर नगर स्थित रामरामा रेसिडेंसी के पास चारपहिया वाहन में कुछ व्यक्ति अपने पास प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन रखें है और बिक्री की फिराक में ग्राहक की तलाश कर रहे है। जिस पर अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक पश्चिम डी.आर. पोर्ते, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक क्राईम संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक पुरानी बस्ती राजेश देवांगन एवं उप पुलिस अधीक्षक क्राईम संजय सिंह द्वारा प्रभारी एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना प्रभारी न्यू राजेन्द्र नगर को आरोपियों को प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन के साथ रंगेहाथ पकड़ने हेतु निर्देशित किया गया। जिस पर वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशन में एण्टी क्राईम एण्ड साईबर यूनिट तथा थाना न्यू राजेन्द्र नगर पुलिस की संयुक्त टीम द्वारा उक्त स्थान पर जाकर मुखबीर द्वारा बताये चारपहिया वाहन एवं हुलिए के व्यक्तियों को चिन्हांकित कर पकड़ा गया।



पूछताछ में व्यक्तियों ने अपना नाम शुभांक पॉल, सागर पीटर तथा सिद्धार्थ पाण्डेय निवासी रायपुर का होना बताया गया। टीम के सदस्यों द्वारा उनकी चारपहिया वाहन की तलाशी लेने पर वाहन में प्रतिबंधित मादक पदार्थ कोकीन रखा होना पाया गया। जिस पर टीम के सदस्यों द्वारा तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया गया है।

# नक्सल विरोधी अभियान पर गृहमंत्री विजय शर्मा का बड़ा आरोप

## कहा-राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध...मेरे पास है प्रमाण...

जगदलपुर 18 मई 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफ लड़ाई जारी है। नक्सलियों की मांद माने जाने वाले कर्रेगुट्टा की पहाड़ी पर सुरक्षा बल एक बड़ा अभियान छेड़े हुए हैं। ऐसे समय में छत्तीसगढ़ के गृह मंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर पीठ पीछे गड़बड़ी करने का गंभीर आरोप लगाया है। इस अभियान में तेलंगाना सरकार से अपेक्षित सहयोग नहीं मिलने के सवाल पर गृहमंत्री विजय शर्मा ने कांग्रेस नेता राहुल गांधी पर गंभीर आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि उन्हें

### ऑपरेशन में 31 नक्सली ढेर,35 हथियार बरामद और सैंकड़ो बंकर नष्ट



शक है कि राहुल गांधी पीठ पीछे गड़बड़ कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि नक्सलवाद देश के सबसे बड़े संकटों में से एक है और इसमें भी राहुल गांधी की भूमिका संदिग्ध लगती है। मेरे पास इसके प्रमाण मौजूद हैं,जिनके आधार पर मैं यह बात कह रहा हूं। बता दें कि बीजापुर और तेलंगाना सीमा पर स्थित कर्रेगुट्टा की पहाड़ियों में 21 दिनों तक चले ऑपरेशन ब्लैक फारेस्ट में 31 वर्दीधारी माओवादी मारे गए। मुठभेड़ों के दौरान 35 हथियार, 450 IED,सैकड़ों बंकर और माओवादियों की तकनीकी इकाइयां भी नष्ट की गई है। 21 अप्रैल से 11 मई के दौरान कुल 21 मुठभेड़ों में 16 वर्दीधारी महिला माओवादी समेत कुल 31 वर्दीधारी माओवादियों के शव और 35 हथियार बरामद किए गए हैं। प्रारंभिक जांच से संकेत मिलता है कि मुठभेड़ स्थल से बरामद शव प्रतिबंधित और अवैध सीपीआई माओवादी संगठन अंतर्गत पीएलजीए बटालियन नंबर 01, तेलंगाना राज्य समिति,दंडकारण्य विशेष जोनल समिति के माओवादी कैडर्स हैं। इस अभियान में अब तक कुल 216 माओवादी ठिकाने और बंकर नष्ट किए गए। उपरोक्त माओवादी ठिकाने और बंकर से तलाशी अभियानों के दौरान कुल 450 नग आईईडी, 818 नग बीजीएल शेल, 899 बंडल कार्डेक्स,डेटोनेटर और भारी मात्रा में विस्फोटक सामग्री बरामद किए गए।

# यात्रियों से भरी बस व ट्रक में हुई भीषण टक्कर, हादसे में 20 लोग घायल,मची चीख-पुकार

## मौजूद लोगों ने घायलों को भेजा अस्पताल

### साढ़े 4 माह में 5500 हादसे, 3000 की मौत,5000 घायल

वाहनों की रफ़्तार के चलते राज्य में सड़क हादसों में लगातार इजाफा हो रहा है। पिछले साढ़े चार महीने में 5500 हादसों में 3000 की मौत और 5000 लोग घायल हो चुके हैं। जबकि इसी अवधि में पिछले साल 2024 के दौरान इसका ग्राफ 9 फीसदी कम था। जनवरी से लेकर मई 2025 के दौरान हर महीने इसमें इजाफा हुआ है। राज्य पुलिस के अधिकारियों का कहना है कि वैवाहिक सीजन के दौरान मालवाहनों में यात्रियों का परिवहन करने और शराब पीकर लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने से हादसे बढ़े हैं।

बिलासपुर,18 मई 2025 (ए)। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर जिले से बड़ी खबर निकलकर सामने आई है। यहां यात्रियों से भरी बस और ट्रक में भीषण टक्कर हो गई। हादसे में 20 लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। घायलों को तुरंत सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया गया। जहां प्राथमिक उपचार के बाद बिलासपुर रेफर कर दिया गया है। मिली जानकारी के मुताबिक,घटना रविवार सुबह 9 बजे की है। जहां यात्री बस क्रमांक CG10 G 0323 मुंगेली से बिलासपुर की ओर जा रही थी। वहीं दूसरे साइड से ट्रक आ रही थी। इस दौरान दोनों गाड़ियों की रफ्तार काफी तेज थी और मोड़ के पास आपस में जा भिड़ी। जैसे ही दोनों की टक्कर हुई यात्रियों में खलबली मच गई। हादसे में महिला व बच्चे समेत 20 लोग घायल हुए है। टक्कर इतनी भीषण थी कि आवाज सुनकर आसपास के लोग एकत्रित हो गए। बिना देरी किए उन्होंने बचाव कार्य शुरू किया और घायलों को अस्पताल भेजा। बताया जा रहा है कि किसी




के हाथ में,किसी के कंधे में चोट आई है। वहीं हादसे के बाद लोगों ने इसकी सूचना पुलिस को दी है। बता दें कि तखतपुर में पथरिया मोड़ के पास यह हादसा हुआ है।

### घायलों के नाम...

- मुंगेली के रहने वाले संतोष साहू (50)
- मुंगेली के दुर्गा सप्रे (4)
- नरेसिया सप्रे,मुंगेली
- झूल बाई (45), मुंगेली
- सोढार निवासी तोप सिंह (56)
- सेतगंगा निवासी रजनी यादव (40)
- दुल्लापुर के रहने वाले सनत साहू (32)
- लगहा मुंगेली के रहने वाली कुमारी यदु (17)
- फंदवानी निवासी परेटन बाई (36)
- फंदवानी निवासी राकेश दास (41)
- मुंगेली निवासी महावीर ध्रुव (39)
- सीपत निवासी महेंद्र वस्त्राकर (34)
- सीपत निवासी मधुर वस्त्राकर

प्रकाशक,मुद्रक,स्वामी अविनाश कुमार सिंह के द्वारा सांई ऑफ्सेट प्रिंटर्स,नमनाकला,संत हरकेवल विद्यापीठ के पास,अम्बिकापुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-अविनाश कुमार सिंह* (पी.आर.बी.कानून के अनुसार संपूर्ण संपादकीय दायित्व के लिए जिम्मेदार)
RNI Reg.No.CHHHIN/2004/15050मो. 94062-23001,98265-32611,Email:ghatatighatana11@ gmail.com,Website:www.ghatatighatana.com, (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र अम्बिकापुर न्यायालय मान्य होगा)